हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 247, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 मार्च, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## अनुशासन के बिना जीवन में कुछ भी नहीं हो सकता : योगी

### गोरखपुर में सीएम ने किया एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में अनुशासन के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। यह अनुशासन आत्मानुशासन से पैदा होता है और यह जीवन भर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, मंजिल तक पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। इस दृष्टिकोण से युवाओं को अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान देने में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के सिक्टौर (तालकंदला) में एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) ट्रेनिंग एके-डमी का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर की ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण 10 एक-ड़ क्षेत्रफल में 55 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1948 में संसद के एक अधिनियम से गठित एनसीसी युवाओं को एकता और अनुशासन के लिए प्रेरित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी संगठन है। एनसीसी को आज के युवाओं के जीवन का हिस्सा बनाना पीएम मोदी का विजन है। पीएम के इस विजन को मिशन मोड पर आगे बढ़ाने के लिए गोरखपुर में एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी की स्थापना की जा रही है। यह एकेडमी एकता और अनुशासन की वह पाठशाला बनेगी जहां से सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था की तरफ से प्रयास किया जाता है तो सरकार दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी के लिए गोरखपुर मुख्यालय ने ऐसा ही प्रयास किया। देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य होने के चलते यूपी के लिए इस एकेडमी का अपना महत्व होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर में आने वाले 11 जिलों में से 4 जिले सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जनपद हैं। एनसीसी एकेडमी में प्रशिक्षित युवा इन जिलों को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। एनसीसी की ट्रेनिंग एकेडमी यहां की युवा कार्यशील पूंजी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वयं कोई अस्तित्व नहीं होता है। खुद के लिए जीना, कोई जीवन नहीं होता बल्कि हमारे लिए देश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। देश के लिए समर्पण की भावना से ही एकता और अनुशासन का भाव आगे बढ़ता है।

सीएम योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। रक्षा आवश्यकताओं के मामले में रक्षा उपकरणों के उत्पादन तथा डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर भारत के हार्ड और सॉफ्ट पावर को दुनिया महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए यहां के परिसर को भरपूर पौधरोपण से हराभरा बनाने का आह्वान किया। साथ ही इसे प्लास्टिक मुक्त, प्रदूषण मुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेगुलर ट्रेनिंग ड्रिल के साथ कैडेटों को सप्ताह में एक दिन स्वच्छता अभियान से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। इससे बीमारियों से बचाव होगा और माटी से आत्मीयता भी बढ़ेगी।

### लोकसभा चुनाव से पहले अनुप्रिया पटेल को जेड कैटेगरी की सुरक्षा



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने अपना दल (एस) पार्टी की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा बढ़ा दी है। अनुप्रिया पटेल को अब उत्तर प्रदेश में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, जेड श्रेणी में चार से छह एनएसजी कमांडो होते हैं, साथ ही 22 सुरक्षाकर्मियों का एक घेरा होता है। बता दें लोकसभा चुनाव की तैयारियों को परखने और रणनीति बनाने के लिए हाल में ही अपना दल (एस) के राष्ट्रीय से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। इसमें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पदाधिकारियों से फीडबैक लेने के साथ-साथ उनमें जोश भी भरा। उन्होंने कहा कि यूपी में एनडीए गठबंधन में आरएलडी व सुभासपा के शामिल होने से इसकी और ताकत बढ़ गई है। अब यह लोकसभा चुनाव में पांच दलों का अपराजेय गठबंधन साबित होगा।

## ओबीसी का अपमान करने वालों की गोद में बैठे लालू, राजद घोटाला करने वाली पार्टी : अमित शाह



पटना। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने कितने घोटाले किए, यह पूरा देश जानता है। राजद और कांग्रेस केवल घोटाला करने वाली पार्टी है। मोदी जी इतने साल मुख्यमंत्री रहे और अब दो टर्म से प्रधानमंत्री हैं, आज तक 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उनपर नहीं लगा है। शाह ने पूछा कि कश्मीर हमारा है या नहीं? धारा 370 हटनी चाहिए या नहीं? यह लालू और कांग्रेस 75 साल से धारा 370 लागू रहने दिया। मोदी ने इसे हटाया। यह वही लालू प्रसाद हैं जिन्होंने आडवाणी जी का रथ रोका था। रामलला को टेंट में रहने के लिए मजबूर किया। आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है, बिहार की जनता 40 के 40 सीट पर एनडीए को जीत दिलवाएगी और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद कांग्रेस की गोद में जाकर बैठक गए हैं। उन्होंने पिछड़ों की जमीन लूटने का काम किया। लालू प्रसाद ने सिर्फ पिछड़ा, अति-पिछड़ा और गरीबों की भूमि हथियाने का काम किया है। मैं लालू प्रसाद की पार्टी को चेताने आया हूं कि बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बन गई है, भूमि माफियाओं को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम हमारी सरकार करेगी। लालू जी अब आप पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को बरगला नहीं सकते हैं। अमित शाह ने दावा किया कि हमारी डबल इंजन की सरकार एक कमेटी गठन करेगी और जिन-जिन ने गरीबों की भूमि हथियाई है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल में डालने का काम करेगी। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी आप सभी से आशीष मांग रहे हैं भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए। वो लोग वोट मांग रहे हैं अपने बेटे को गद्दी पर बैठाने के लिए। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं पाटलिपुत्र की धरती को प्रमाण करता हूं। मैं सबसे पहले बिहार की जनता का हृदय से धन्यवाद करता हूं, क्योंकि हम यहां जब-जब आए, बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी। शाह ने कहा कि 2014 में आपने मोदी जी को 31 सीटें दी, 2019 में आए तो आपने 39 सीटें दी और 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है। कुछ दिन पहले ही मोदी जी आए थे, दो लाख करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात दी थी। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव सत्ता में रहे, लेकिन कपूर्री ठाकुर जी का सम्मान करने का काम नहीं किया। बिहार के पिछड़े वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। कांग्रेस और लालू जी पिछड़ों के नाम पर हमेशा अपने परिवार के बारे में सोचते रहे। सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य है अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना और लालू यादव का लक्ष्य है अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना। ऐसे लोग आपका भला कैसे करेंगे।

## 'श्रीराम इस युग में होते तो ये उनके घर भी ईडी भेज देते', विधानसभा में भाजपा पर बरसे केजरीवाल




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को याद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज जब हम बजट पर चर्चा कर रहे हैं तो मुझे अपने छोटे भाई मनीष सिसोदिया की याद आ रही है। यह हमारी सरकार का 10वां बजट है। पिछले नौ बजट मनीष सिसोदिया ने पेश किए थे और मुझे उम्मीद है कि वह अगले साल इसी विधानसभा में हमारी सरकार का 11वां बजट पेश करेंगे।

केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि श्रीराम अगर आज होते तो उनके घर भी भाजपा सीबीआई और ईडी को भेज देते और बंदूक रखकर उनसे पूछते की भाजपा में आना है या जेल जाओगे। सभी पार्टियों को तोड़ दो, ईडी, सीबीआई के जरिये सभी पार्टियों को खत्म कर दो न पार्टी रहेगी तो चुनाव ही नहीं होंगे। इनको गुजरात में मौका मिला था, एक भी स्कूल अच्छा नहीं मिला, एक टेंट का स्कूल लगवाकर पांच बच्चे एक फर्जी टीचर के साथ पीएम ने फोटो खिंचवा ली। सीएम ने आगे कहा कि अगर इन्होंने एक भी बढ़िया स्कूल बनाया होता तो इन्हें सरकार तोड़ने की जरूरत नही होती, जनता इन्हें खुद ही अपना समर्थन दे देती। उत्तराखंड में इन्होंने कांग्रेस की सरकार तोड़ दी, महाराष्ट्र में आघाडी सरकार को गिरा दिया। अपनी तोड़ फोड़कर सरकार बना ली, ये पूरे देश में सभी पार्टियों को खत्म देना चाहते हैं। हिटलर ने तीन महीने में सभी को खत्म कर दिया, इन्होंने 10 साल लगा दिये। अगर श्री राम होते तो उन्हे भी बंदुक के दम पर कहते हमारी पार्टी में आ जाओ। उन्होंने कहा कि अब मुझे जेल में डालने की तैयारी है। भाजपा में मेरे कई मित्र हैं, वे कहते हैं वो केजरीवाल को अंदर करना चाहते हैं इसके बाद फ्री बिजली खत्म कर देंगे, इसके बाद बढ़िया स्कूल बर्बाद कर देंगे। जितने समन भेजोगे उतने ही स्कूल बनाऊंगा, अगर केजरीवाल के स्कूल और अस्पताल देख लोगे तो हमसे मोहब्बत हो जायेगी।

### मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान, लिखा- बहुजन समाज के हित में बीएसपी का फैसला अटल

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है। दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चचाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है। मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें। खासकर यूपी में बीएसपी की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने



का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहिए : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाला चुंगी खत्म कर दिया था। वह सपा कार्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी में जिस तरह महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं उसका संज्ञान गृह मंत्रालय को लेना चाहिए। प्रदेश में कई महिला उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को समय-समय पर राज्य की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि यहां रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है और अपना सम्मान बचाने का चुनाव है। यूपी के लोगों ने भाजपा का 2014 में स्वागत किया है और अब 2024 में विदाई कर देंगे। यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी अच्छी करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए की बढ़ती ताकत से घबरा गई है। इस बार उनकी विदाई निश्चित है। उन्होंने नारा दिया कि भाजपा हटाओ एमएसपी की कानूनी गारंटी पाओ। भाजपा हटाओ नौकरी पाओ। अखिलेश ने खुलासा किया कि समाजवादी पार्टी को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से एक बार ढाई करोड़ रुपये मिले। ऐसी ही कुछ राशि एक अन्य बार भी मिली। भाजपा को भी खुलासा करना चाहिए और एसबीआई को डिटेल देनी चाहिए। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं।

### दो बाइकों में जोरदार टक्कर, उछलकर दूर जा गिरे पांचों लोग.. तीन युवकों की मौके पर ही मौत



रामपुर। रामपुर के दढ़ियाल में शनिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर सरकथल के पास यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्वार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लोहर्रा निवासी साजिद (22) पुत्र मोहम्मद उमर व आरिफ (20) पुत्र जमील निवासी नानकार रानी बाल काटने का काम करते हैं। शनिवार को दोनों काम के लिए हैदराबाद जाने के लिए घर से निकले थे। लोहर्रा निवासी सरफराज दोनों को बाइक से छोड़ने के लिए टांडा जा रहा था। जहां से उन्हें बस से मुरादाबाद जाना था। रास्ते में मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर सरकथल के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी से टकरा गई। दूसरी बाइक पर टांडा क्षेत्र के ग्राम लखमन नगला निवासी अतुल (19)पुत्र बलराम सिंह व उसका साथी ग्राम मझरा लाडपुर निवासी विवेक पुत्र बबलू सवार थे। वह घरेलू समान की खरीदारी करने दढ़ियाल जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी हादसे में घायल साजिद, आरिफ और अतुल की मौके पर ही मौत हो गई।

## 'विरासत भी-विकास भी', असम में पीएम मोदी ने दिया डबल इंजन सरकार का मंत्र; राज्य को दी करोड़ों की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने असम के जोरहाट में महान अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ वेलर (बहादुरी की प्रतिमा) का उद्घाटन कर दिया है। जोरहाट में उन्होंने महान अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की प्रतिमा का उद्घाटन करने से पहले तर्पण किया। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज मुझे असम के लोगों के लिए साढ़े 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला है। इनमें स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम से जुड़े प्रोजेक्ट्स हैं। इनसे असम में विकास की गति और भी तेज होगी।" उन्होंने कहा, "यहां आने से पहले मुझे काजीरंगा नेशनल पार्क की विशालता, उसकी प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखने और जानने का अवसर भी मिला। काजीरंगा अपनी तरह का अनूठा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व है।" पीएम मोदी ने कहा, "असम के प्रति ये अगाध प्रेम मेरे लिए बहुत बड़ी पूंजी है। आज मुझे लगभग 50 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। असम के लोगों के लिए 17.50 हजार करोड़ स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम क्षेत्रों से जुड़ी ये परियोजनाएं असम में विकास की गति को और तेज करेंगी। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आप सभी को बधाई देता



हूं।" उन्होंने कहा, "विरासत भी-विकास भी, हमारी डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। विरासत के संरक्षण के साथ ही असम की डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए भी उतनी ही तेजी से काम कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व तेज गति दिखाई है।" पीएम आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा, "आज असम के मेरे साढ़े 5 लाख परिवारों का अपने पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। आप सोचिए, एक राज्य में साढ़े 5 लाख अपनी पसंद के, अपनी मालिकी के पक्के घर में जा रहे हैं। मुझे खुशी है कि पीएम आवास योजना के तहत दिए गए ज्यादातर घर महिलाओं के नाम रजिस्टर्ड किए गए हैं। अब घर की मालकिन मेरी माताएं-बहनें बनी हैं।" उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने के अभियान पर भी काम कर रही है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को और सशक्त किया जा रहा है, उन्हें नए अवसर उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। इस अभियान का लाभ असम की भी लाखों महिलाओं को मिल चुका है।" काजिरंगा नेशनल पार्क में गैंड़ों की परिस्थिति के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा, "दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने असंवेदनशीलता के कारण असम की पहचान, उसके गैंडों को खतरे में डाल दिया। अकेले 2013 में यहां 27 गैंडों का शिकार किया गया, लेकिन हमारी सरकार, लोगों के सहयोग से, हमारे गैंडों को बचाने के लिए काम कर रही है।

### 22 दिन के बच्चे का इलाज कराने जा रहे थे पति-पत्नी, कंटेनर से टकराई कार, मासूम की मौत, पांच घायल

बहराइच। श्रावस्ती के इकौना निवासी 22 दिवसीय बच्चे की शुक्रवार की रात अचानक तबीयत खराब हो गई थी। जिसका इलाज करवाने के लिए परिवार के लोग कार से बहराइच आ रहे थे। इस दौरान बहराइच - बलरामपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में मासूम की मौत हो गई और कार सवार उसके माता पिता समेत चार घायल हो गए। श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी मनोज सिंह उर्फ नहर सिंह के 22 दिवसीय बेटे की शुक्रवार की रात अचानक तबीयत खराब हो गई थी। जिस पर वह पत्नी और अपने माता पिता के साथ बेटे का इलाज करवाने के लिए मेडिकल कालेज बहराइच ला रहे थे। इस दौरान कोतवाली देहात में बहराइच बलरामपुर मार्ग पर दोनक्का तिराहे के पास सामने से आ कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके 22 दिवसीय बेटे की मौत हो गई। वहीं, कार सवार कार मनोज, उनकी पत्नी लक्ष्मी, मनोज की मां सीमा सिंह और कार सवार लव कुमार सिंह व लल्लू गोस्वामी गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के मौके पर चीख पुकार मच गई।



सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया। इमरजेंसी चिकित्सक मनोज चौधरी ने बताया कि सास और बहू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया। कोतवाल देहात बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही।

## संपादकीय

# आत्ममंथन का वक्त

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हालिया किसान आंदोलन के तौर-तरीकों व सरकारों की कारगुजारियों को लेकर जो तल्ख टिप्पणियां की हैं, वे आंख खोलने वाली हैं। हरियाणा-पंजाब की सीमा पर विगत तीन सप्ताह से मोर्चा संभाले किसान आंदोलनकारियों के तौर-तरीके व उससे निपटने के सरकारों द्वारा उठाये गए कदम मर्यादित व्यवहार पर नये विमर्श की जरूरत बताते हैं। यह सर्वविदित है कि किसानों की दिल्ली कूच की कोशिशों और पुलिस प्रशासन की उन्हें रोकने के प्रयास में लगातार टकराव की खबरें आती रही हैं। जिनमें कई किसानों, पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के घायल होने की भी बात कही गई। एक युवक की मौत की अप्रिय घटना भी सामने आई है। जिसको लेकर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी भी सामने आई। निस्संदेह, यह घटनाक्रम परेशान करने वाला है और इससे आवागमन बाधित होने से आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि लोकतंत्र में हर किसी व्यक्ति को लोकतांत्रिक ढंग से अपनी मांगें उठाने का अधिकार है। सरकारों का भी दायित्व बनता है कि समय रहते किसी भी संगठन या वर्ग की न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार करें ताकि आंदोलनकारियों को सड़कों पर उतरने की जरूरत न पड़े। वहीं आंदोलनकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि न्यायसंगत मांगों को लेकर आंदोलन तो करें, लेकिन आम लोगों की सुविधा व अधिकारों का ध्यान रखे। निस्संदेह, किसी भी व्यक्ति को लोकतांत्रिक आंदोलन करने व अभिव्यक्ति के अधिकार हैं। लेकिन किसी को निरंकुश व्यवहार की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही किसी आंदोलन की वजह से लंबे समय तक राष्ट्रीय राजमार्गों को भी अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। कोर्ट की वह टिप्पणी विचारणीय है जिसमें बच्चों को आंदोलन के दौरान ढाल बनाने को पंजाब की संस्कृति के विपरीत बताया गया है। अदालत ने प्रश्न उठाया है कि किसान आंदोलन कर रहे हैं या जंग पर जा रहे हैं? कोर्ट ने खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि क्या हथियार लहराने वाले आंदोलन को शांतिपूर्ण कहा जा सकता है? उल्लेखनीय है कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग को लेकर गत तेरह फरवरी से किसान आंदोलनरत हैं। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों की भी भागीदारी रही है। गत इक्कीस फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर टकराव के दौरान बठिंडा के युवक शुभकरण की मौत हो गई थी। अब अदालत ने मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। हाईकोर्ट ने आंदोलन के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए शुभकरण की मौत के मामले में जांच के लिये एक अवकाश प्राप्त न्यायाधीश समेत तीन सदस्यीय कमेटी को जिम्मेदारी सौंपी है। कमेटी में हरियाणा व पंजाब के एडीजीपी भी शामिल होंगे। हालांकि, अदालत में भी इस मुद्दे को लेकर हरियाणा व पंजाब सरकारों की दलीलें सामने आती रही हैं। एक ओर हरियाणा सरकार की तरफ से कहा जा रहा था कि कि पंजाब सरकार ने शुभकरण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी। जिस पर कोर्ट का कहना था कि इस रिपोर्ट को देने में इतने विलंब की तार्किकता क्या है। बहरहाल, अदालत की सख्त टिप्पणियों के बाद किसान आंदोलनकारियों व सरकारों को अपनी रीति-नीतियों पर मंथन करना चाहिए। निस्संदेह, अदालती टिप्पणियां विचारणीय हैं कि जिन किशोरों को स्कूल में होना चाहिए, वे हथियारों के साथ क्यों नजर आ रहे हैं? यह भी कि बॉर्डर पर किसानों व सरकार के बीच टकराव के चलते युद्ध जैसे हालात क्यों हैं? अदालत ने हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध चित्रों के आधार पर कहा कि लोग तलवार व तेजधार हथियारों के साथ देखे जा रहे हैं, क्या यह लोकतांत्रिक आंदोलन है? वहीं दूसरी ओर अदालत ने हरियाणा सरकार से पूछा कि खनौरी भारत-पाक की सरहद नहीं थी तो फिर किसानों पर गोलियां क्यों चलायी गई? साथ ही गोलियों और छर्रों के इस्तेमाल का विवरण मांगा। वहीं हरियाणा सरकार की तरफ से बताया गया कि हिंसक प्रतिरोध में बीस से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कई बार चेतावनी के बाद पहले लाठीचार्ज, फिर आंसू गैस तथा बाद में वॉटर कैनन का प्रयोग किया गया। स्थिति न सुधरने के बाद रबड़ की गोलियां चलायी गई थीं। उम्मीद है, दोनों पक्ष बीच का रास्ता निकालेंगे।

## नहीं है आता नाम!



लिस्ट हो रही जारी ।
नहीं है आता नाम ।।
लगातार हैं चर्चा में ।
चल रहा अभी काम ।।
है बनता है हक ।
हो रही पर देर ।।
अंदर से आवाज उठी ।
क्यों इतनी अंधेर ।।
हास्यास्पद है स्थिति ।
बिगड़ी ना पर बात ।।
थी छोटी सी इच्छा ।
ना हो वज्रपात ।।
आएगी खुशखबरी ।
है पर इंतजार ।।
किधर से भी हो सकता ।
जल्द चमत्कार ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# योगीराज में साल दर साल सशक्त हुई मातृशक्ति, साकार हो रहा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन का सपना

महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ प्रदेश की योगी सरकार की कोशिशों के सकारात्मक नतीजे मिलने लगे हैं। स्वावलम्बन की बात करें तो पीरियॉडिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 2017-18 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 32.10 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री की निजी तौर पर निगरानी ने एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रही हैं, जो उन्हें अभूतपूर्व गति से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में महिला श्रम बल भागीदारी दर 39.80 प्रतिशत दर्ज की, जबकि उत्तर प्रदेश ने 32.10 प्रतिशत की दर दर्ज की. इसके विपरीत, वित्तीय वर्ष 2017-18 में, भारत की महिला श्रम बल भागीदारी दर 25.3 प्रतिशत थी, जबकि यूपी 14.2 प्रतिशत के साथ काफी पीछे था।

पिछले 07 वर्ष में योगी सरकार की नीतियों की समीक्षा करें तो 'महिला सशक्तिकरण' शासन की शीर्ष प्राथमिकता के रूप में साफ दिखाई देता है। रोजगार के लिए जो योजनाएँ शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना आज गांव-गांव में, गरीब परिवारों से भी नई-नई महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही है। इस योजना के तहत पूरे देश मिले कुल ऋण में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को दिए गए हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना के जरिए भी देश भर में महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप्स और ग्रामीण संगठनों से जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पूरक पुष्टाहार तैयार करने की जिम्मेदारी देकर न केवल संगठित भ्रष्टाचार से निजात दिलाई, बल्कि महिलाओं के एक बड़े वर्ग को आर्थिक स्वावलम्बन से भी जोड़ा। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत 2014 से पहले के 5 वर्षों में जितनी मदद दी गई, बीते 7 साल में उसमें लगभग 13 गुणा बढ़ोतरी की गई है। हर सेल्फ हेल्प ग्रुप को पहले जहां 10 लाख रुपए तक का बिना गारंटी का ऋण मिलता था, अब ये सीमा भी दोगुनी यानि 20 लाख की गई है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूह की अहम भूमिका है। दीनदयाल अंत्योदय योजना, जो ग्रामीण गरीब महिलाओं के लिए क्षमता निर्माण और विविध आजीविका के अवसर पैदा करने पर ध्यान देने के साथ ग्रामीण गरीबों को स्व-शासित संस्थानों में संगठित करती है। इस मिशन ने महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के माध्यम से सफल प्रगति की है और किसानों के रूप में महिलाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया है। सामुदायिक एकजुटता और महिलाओं की संस्थाओं के निर्माण के चरण से आगे बढ़ते हुए, अब ध्यान एसएचजी महिलाओं को उत्पादक समूहों, एफपीओ और निमार्ता कंपनियों के माध्यम से उच्च क्रम की आर्थिक गतिविधियों में शामिल करने पर है।

महिला सुरक्षा के लिए योगी सरकार की नीतियां पूरे देश में सराही जा रही हैं। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध में सजा दिलाने में यूपी पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनकर उभरा है। महिलाएं रात की पाली में भी काम कर सकें, इसके लिए नियमों को आसान बनाने का काम सरकार ने किया। खदानों में महिलाओं के काम करने पर जो कुछ बंदिश थी, वो सरकार ने हटाई है। देशभर के सैनिक स्कूलों के दरवाजे, लड़कियों के लिए खोल देने का काम होना ऐतिहासिक है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों



की तेज सुनवाई के लिए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं। बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि हाल ही में 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दिया गया है। योजना से अब तक 18.66 लाख बेटियां लाभान्वित हुई हैं। निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक योजना संचालित है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग के निर्धन परिवार भी आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ विधवा और तलाकशुदा भी उठा सकती हैं। एक जोड़े के विवाह पर कुल 51 हजार की धनराशि की व्यवस्था है। योजना के तहत अब तक 3.50 लाख जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। निराश्रित महिला को प्रति लाभार्थी 1000 प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। वर्तमान में 31.50 लाख निराश्रित महिलाओं पेंशन दी जा रही है। जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को आर्थिक सहायता हेतु इस कोष की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत 7,105 महिलाओं/बालिकाओं को क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई है। महिलाओं को संगठित, सशक्त, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों की 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को आच्छादित किया गया है। महिला स्वयं सहायता समूहों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 1,840 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन किया गया है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर वितरित होने वाला पोषाहार अब स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किया जा रहा है। योगी सरकार की बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना वित्तीय समावेशन का मॉडल बनकर उभरी है। जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामवासियों को प्रोत्साहित एवं लाभान्वित करने हेतु प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों के माध्यम से बी.सी. सखी को पदस्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाः प्रदेश में 1.75 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जा चुका है। होली व दीपावली में निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर दिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजनाः 'सबके लिए आवास' का संकल्प लिये यह योजना पात्र व्यक्तियों, खासकर महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के अंतर्गत अभी तक प्रदेश में 55.83 लाख आवास निर्मित किए गए हैं। इनमें अधिकांश आवास मातृशक्ति के नाम आंवटित किए गए हैं।

पी.एम. स्वनिधि योजनाः प्रदेश में अब तक 17 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किया जा चुका है। इनमें 2 लाख से अधिक महिलाओं को ऋण दिया गया है, जिससे उनके व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त हुआ है और जीवन में खुशहाली आई है।

स्वच्छ भारत मिशनः प्रदेश में अब तक 2.61 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों में 4,500 पिंक शौचालय निर्मित कराए गए हैं।

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी): योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को अपनी जमीन का मलिकाना हक दिया जा रहा है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी दस्तावेज में दर्ज. नहीं है। मलिकाना हक परिवार की महिला सदस्य के नाम अंकित किया जा रहा है। अब तक 66.59 लाख लाभार्थियों/महिलाओं को स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है।

# मालदीव में पाकिस्तानी खेल समझना भी जरूरी

**पुष्परंजन**

बाईस फरवरी, 2010 की बात है, मालदीव के तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने अपने दिल्ली आगमन के दौरान भारतीय मीडिया को बताया कि मालदीव के युवाओं को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों द्वारा जिहाद के लिए भर्ती किया जा रहा है। डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने संकेत दिया कि लश्कर-ए-तैयबा, जिसे नवंबर, 2008 में मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार माना जाता है, मालदीव में सक्रिय था। उस समय भारतीय खुफिया ब्यूरो के सूत्रों के हवाले से बताया कि पाक समर्थित समूह के लगभग लगभग एक हजार कार्यकर्ता मालदीव में सक्रिय थे।

वहीद ने कट्टरपंथी संस्थानों में भाग लेने वाले संदिग्ध युवाओं को वाया भारत आने से रोकने के लिए सहायता मांगी थी। तत्कालीन उपराष्ट्रपति के प्रेस सचिव मोहम्मद जुहैर ने तब कहा था कि पाकिस्तान में 200 से 300 अपंजीकृत मालदीवियन छात्र हैं। ऐसे कई संदिग्ध वाया कोलंबो या कोच्चि मालदीव में एंट्री लेते हैं। तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने जो कुछ फरवरी, 2010 में कहा था, वो बात आई-गई हो गई। न तो पाकिस्तान का शासन जिहादियों को तैयार करने से रोक सका, और भारत तो बस मूकदर्शक की भूमिका में था।

मालदीव-पाकिस्तान के संबंधों को समझना है तो वहां की संसद को देखिये, जिसका निर्माण पाकिस्तान ने 45 मिलियन रुपये लगाकर किया था। माले के मागू स्थित पार्लियामेंट ह्यमजलिसह्ल का उद्घाटन 1 अगस्त, 1998 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की उपस्थिति में किया गया था। उसके 19 साल बाद, 25 जून, 2017 को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी पत्नी कलसूम नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था। नवाज को दोबारा मालदीव बुलाने से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन 7 मई, 2015 को इस्लामाबाद भी गये थे।

देखते-देखते मालदीव, पाकिस्तान का हम प्याला-हम निवाला बन गया। राष्ट्रपति यामीन ने जिन देशों में अपने दूत भेजे, उनमें पाकिस्तान भी शामिल था। पाक सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने मार्च, 2018 के अंत में मालदीव का दौरा किया था। इस समय पाकिस्तान में मालदीव के अधिकांश छात्र देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में डिग्री और पाठ्यक्रम कर रहे हैं। स्थानीय दूतावास और मालदीव सरकार के रिकॉर्ड के आधार पर पंजीकरण के अनुसार, उनकी संख्या सैकड़ों में है, जो 400 से 600 अपंजीकृत तालिब मदरसों में दीक्षा ले रहे हैं, वो पूरे उपमहाद्वीप के लिए खतरनाक हो सकते हैं।

1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना। भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाये रखा। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। आप मानें न मानें पाकिस्तान, चीन, सऊदी अरब और तुर्की का नेक्सस की भूमिका दिल्ली से माले के संबंध बिगाड़ने में दरपेश रही है।

बात भी सही है। भारत क्या पड़ोस से खुफिया जानकारी जुटाने में पीछे रहा है? या उसके एक्शन प्लान में कोई खोट है? इन सवालों का बेहतर उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता। चीन-मालदीव मैत्री पुल मालूम नहीं दिल्ली को कब दिखा। मालदीव की राजधानी माले को हुलहुले द्वीप से जोड़ने वाले पुल, ह्यक्रॉस-सी ब्रिजह्ल, का उद्घाटन 30 अगस्त, 2018 को किया गया था। जब यह पुल बना, उन दिनों मुइज्जू माले के मेयर थे। बताते हैं कि उसी कालखंड में चीनी राजदूत से उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। यह चीन की वन बेल्ट रोड इनीशिएटिव की शुरूआत थी, मगर अफसोस नई दिल्ली चीनी कूटनीति की रफ्तार को समझ नहीं पाया। पाकिस्तान द्वारा निर्मित मालदीव की संसद और चीन द्वारा निर्मित एक ऐसा पुल, जो माले को हुलहुले द्वीप से जोड़कर वहां की साढ़े चार लाख की आबादी में छवि निर्माण कर रहा था। बावजूद इस खबर के, हम 2024 तक लगभग सोये रहे।

18 मई, 2023 को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा पर थे। यात्रा के दौरान मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) को एक फास्ट पेट्रोल जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट जहाज सौंपा। उथुरु थिला फाल्हू में एकथा हार्बर के निर्माण की आधारशिला रखी। तब राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत और मालदीव के बढ़ते रक्षा सहयोग को हम और सुदृढ़ करेंगे। लेकिन हमारी मिल्ट्री इंटेलिजेंस को इसका अनुमान नहीं था कि मालदीव में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद सब कुछ पलट जाने वाला है। मालदीव को भारतीय सहायता की लंबी-चौड़ी फेहरिस्त है। आपदा प्रबंधन से लेकर खोज और बचाव अभियान, हाइड्रोग्राफिक मैपिंग के अलावा दोनों सेनाएं हिंद महासागर रिम एसोसिएशन और गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव जैसे प्लेटफार्मों में भी सहयोग करती हैं। इसके अलावा, भारत ने मालदीव को दिये विमानों को संचालित करने के लिए पायलटों, पर्यवेक्षकों और इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। इससे माले की नीतियों में कोई फर्क क्यों नहीं पड़ा, इसकी समीक्षा की जरूरत है।

यह खबर हैरान नहीं करती कि मालदीव ने चीन के साथ एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू उसी दिशा में आगे बढ़ रहे थे। उनके बयान बार-बार एक खास वोट बैंक को अड्रेस कर रहे थे। मोइज्जू ने अपना रुख दोहराया था कि उनके देश में नागरिक पोशाक में भी भारतीय सैनिकों की उपस्थिति नहीं होगी। पोशाक पहनें या न पहनें, भारतीय सैनिक नहीं रहेंगे, यह मोइज्जू ने दो टूक कह दिया था।

4 मार्च, 2024 को मालदीव के रक्षा प्रमुख मोहम्मद गसन मौमून और चीनी अधिकारी मेजर जनरल झांग पाओछुन ने सैन्य सहयोग पर जैसे ही हस्ताक्षर किए, इस्तांबुल से इस्लामाबाद तक का रिएक्शन देखने लायक था। सोमवार को राजधानी माले में सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर के समय मंत्रालय द्वारा साझा तस्वीरों में चीनी राजदूत वांग लिशिन भी नजर आ रहे थे। मोइज्जू चीन से रक्षा समझौते में अपनी जीत देख रहे हैं, लेकिन उनका देश एक ऐसी वन-वे सुरंग में घुस चुका है, जहां से निकलना मुश्किल होगा। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मालदीव पर चीन का 1.37 बिलियन डॉलर की देनदारी है, उसके बाद सऊदी अरब (124 मिलियन डॉलर) और भारत (123 मिलियन डॉलर) का वह कर्जदार है। चीनी कंपनियों ने मालदीव में 1.37 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त निवेश किया है। इसे भी कर्ज ही मानिये।


# सर्वप्रिय नेतृत्व के आदर्श प्रतिमान हैं भगवान शिव

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

भगवान शिव सर्वप्रिय देवता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें जगत्वन्द्य कहा है -संकर जगत वन्द्य जगदीसा - अर्थात भगवान शंकर संसार के स्वामी हैं और समस्त संसार उन्हें वंदनीय मानता है। देवता, मनुष्य, ऋषि मुनि सब उन्हें नमन करते हैं। यहाँ प्रयुक्त सब शब्द में देवताओं, मनुष्यों और साधारण मनुष्यों से अधिक अलौकिक शक्ति सम्पन्न मुनियों के साथ यक्ष, किन्नर, नाग, असुर आदि अन्य जातियाँ भी समाहित हो जाती हैं। भगवान शिव जगत वंध होने के कारण सब के प्रिय आराध्य हैं। इस संदर्भ में यह विचारणीय प्रश्न है कि जब देवता और दैत्य परस्पर शत्रु हैं तब देवाधिदेव महादेव दैत्यों के लिए भी वंदनीय क्यों हैं ? दैत्य वरदान प्राप्ति के लिए सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की शरण में जाते हैं। उनकी तपस्या करते हैं किन्तु उनकी पूजा नहीं करते। दैत्य विष्णु से कभी कोई याचना नहीं करते परन्तु शिव के समक्ष सदा नतमस्तक मिलते हैं। शिव की इस सर्वप्रियता का रहस्य उनकी कल्याणकारी शक्ति और त्यागपूर्ण सरलता में निहित है। नेतृत्व यदि सर्वप्रिय होना चाहें तो उसे भी शिव के समान सहज सुलभ और सबके प्रति कल्याणकारी बनना चाहिए।

शिव का एक अर्थ कल्याण भी है। कल्याण सब चाहते हैं- देवता भी और दैत्य भी। अतः शिव के भक्त सभी हैं। कल्याण-कामना से किसी का विरोध नहीं होता। इसलिए शिव से भी किसी का विरोध नहीं है। शिव वैदिक-पौराणिक देवता होने के साथ- साथ लौकिक घरातल पर भी एक ऐसे नेहूत्व का प्रतीकार्थ देते हैं जो सबका भला चाहता है, सबका भला करता है, सबके लिए सुलभ है और भोला-भंडारी है। जो वीतरागी है, संन्यासी है, जिसका अपना अपने लिए कुछ नहीं, अपना सब कुछ सबके लिए हैं। जो समन्वय की सामर्थ्य से युक्त है और विरोधों में सामंजस्य बैठाना जानता है, जिसे अपयश, अपमान एवं निन्दा का विष पीना- पचाना और समाज के लिए घातक भयानक विषधरों को वश में करना आता है। ऐसा ही व्यक्तित्व शिव हो सकता है, लोक के लिए शुभ हो सकता है और सर्वप्रिय तथा जगतबंद्य बन सकता है।

शिव के कंठ में, भुजाओं में नाग लिपटे हैं। नाग संसार के लिए भयकारी हैं किन्तु जब वे शिव के नियन्त्रण में उनकी देह पर मालाओं के समान शोभायमान होते हैं तब लोक के लिए भय का कारण नहीं रह जाते। लौकिक संदर्भ में नाग अपराधी ताकतों के प्रतीक हैं। लोक के कल्याण के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। शिव वही हो सकता है जो इन पर नियंत्रण कर सके। नेतृत्व की शिवता शिव जैसी नियन्त्रण-शक्ति की अपेक्षा करती है। शिव को त्रिलोचन कहा गया है। दो नेत्र तो सबके पास हैं। सब उनसे देखते हैं, अनुमान लगाते हैं और निष्कर्ष निकालकर कार्य करते हैं किन्तु शिव ज्ञान के तृतीय नेत्र से देखकर विचार करते हैं। सही निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए ज्ञान



के तृतीय नेत्र का सदुपयोग शिव-नेतृत्व की परम उपलब्धि है। ज्ञान का यही तृतीय नेत्र लोक-कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर रुद्र रूप धारण कर अशिव शक्तियों के संहार का कारण भी बनता है। समाज की सुरक्षा के लिए नेतृत्व के तीसरे नेत्र का संहारक रौद्ररुप लेना और उसकी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उसका विचार सम्पन्न ज्ञान रूप में परिणत होना आवश्यक है। भगवान शंकर के इस तीसरे नेत्र का रहस्य समझकर ही कोई नेतृत्व समाज को समृद्धि और सुरक्षा देकर सर्वप्रिय बन सकता है। लच्छेदार बातों और कोरे वादों की बौछारें समाज को वहका सकती हैं, बहला सकती हैं उसे रिझाकर वोट बटोर सकती हैं लेकिन समाज का भला नहीं कर सकतीं। शिव की देह पर लगी भस्म का अंगराग उनकी निष्कामता, निर्लोभता और निर्लिप्तता का प्रतीक है। सर्वप्रिय बनने के लिए उत्सुक नेतृत्व को व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और वैभवपूर्ण प्रदर्शनों की विलासप्रियता पर अंकुश लगाना चाहिए। निजी महत्वाकांक्षाएं नेता को इंद्र बना सकती हैं, शिव नहीं और इन्द्र कभी सर्वप्रिय नहीं हो सकते। इंद्र व्यवस्था चला सकते हैं किन्तु समाज पर आयी विपदाओं के निवारण के लिए सक्षम नहीं हो सकते। इस कार्य के लिए उन्हें शिव आदि अन्य शक्तियों की शरण में आना पड़ता है। नेतृत्व का इन्द्र बन जाना समाज के लिए शुभ नहीं होता। समाज की शुभता तो शिवता की विलासिता विहीन भस्मरागमयी भूमि में ही विलसती है।

भगवान शिव नित्य शुद्ध हैं। शुद्धता का संधारण मन, वाणी और कर्म से होता है। शिव की कथाओं में कोई प्रसंग ऐसा नहीं मिलता जब उन्होंने कहीं किसी से कोई छल किया हो। समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति भी यदि शुद्ध हो, छल-फरेब न करे, झूठ न बोले तो उसकी विश्वसनीयता समाज में स्वतः बढ़ जाती है और तब उसकी सर्वप्रियता का पथ प्रशस्त होने लगता है। नेतृत्व की शुचिता समाज में भी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करके समाज से भ्रष्टाचार दूर कर सकती है। लोकजीवन में आचरण की पवित्रता नेतृत्व के शिवत्व की शुचिता पर निर्भर है। शुद्धता के अभाव में सामाजिक लोकप्रियता संभव नहीं। निजी आवश्यकताओं में न्यूनता शिव का आदर्श है। अन्न, वस्त्र और आवास लोकजीवन की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। शिव सबके लिए इन आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। शिव की पत्नी भगवती पार्वती का एकनाम अन्नपूर्णा भी है। माता अन्नपूर्णा की शिवगृह में उपस्थिति सबका पेट भरने की गारंटी है। अन्नपूर्णा सुख समृद्धि देकर लोक में वस्त्र और आवास की लौकिक आवश्यकताओं की पूर्ति का भी प्रतीकार्थ हैं। शिव और अन्नपूर्णा की यह पौराणिक युति नेतृत्व और नीति में सामंजस्य को संकेतित करती है। लोक का कल्याण चाहने वाले नेता की नीति ऐसी होनी चाहिए जो सबकी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। स्वयं शिव इन अनिवार्यताओं से भी परे हैं। वे दिगम्बर हैं, उन्हें अन्न और आवास भी नहीं चाहिए। वस्त्र के नाम पर बाघम्बर, भोजन के लिए बिल्वपत्र-भांग-धतूरा और आवास के लिए कैलाश अथवा श्मशान। शिव से संदर्भित ये उपादान संकेतित करते हैं कि सर्वप्रिय होने के लिए त्याग का निर्वाह परम आवश्यक है। नेता को अपने लिए वे सुविधाएं भी नहीं चाहिए जिनकी व्यवस्था वह अन्य के लिए अनिवार्य रूप से करता है। शिव का विषपान लोक कल्याण के लिए आवश्यक शर्त है। अमृत सब चाहते हैं, विष कोई नहीं चाहता। यश की अभिलाषा सब करते हैं किन्तु लोक की भलाई के लिए अपयश स्वीकार करने को कोई विरला ही तैयार होता है। जो नेता निर्भय होकर समाज के कल्याण के लिए अपमान और अपयश का विष पचा जाता है, वही सर्वप्रिय बन पाता है। समाज को नेतृत्व के लिए सदा शिव की प्रतीक्षा रहती है क्योंकि शिव ही स्वयं विष पीकर औरों को अमृत प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

# सीएम योगी ने जौनपुर को दी ९०० करोड़ की सौगात

## गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा- योगी

प्रखर जौनपुर। दोपहर में जौनपुर पहुंचे सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर को करोड़ों की सौगात दे दी। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ जिले के बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा स्थल में 2 बजकर 3 मिनट पर पहुंचे। उन्होंने 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके पूर्व कलीचाबाद में महाराणा प्रताप की मूर्ति का लोकार्पण किया। जनसभा स्थल पर आयोजित जनसभा में योगी ने कहा कि वीरों की धरती से मैं आप सबको हृदय से बधाई देता हूं। आपका अभिनंदन करता हूं। मैं आपका अभिनंदन इस बात के लिए भी करता हूं कि नगर निकाय चुनाव में आया था और दशकों की जो ख्वाहिश थी कि यहां भी कमल खिलना चाहिए। नगर पालिका परिषद में आप लोगों ने मनोरमा मौर्य को विजयी बना कर यहां पर भी ट्रिपल इंजन की सरकार चलाने के लिए अपना बहुमत दिया। सीएम ने कहा कि अब नए भारत का दर्शन हो रहा है। मैं देख रहा था कि विधायक गिरीश यादव हजारों कार्यकताओं के साथ पैदल ही अयोध्या धाम का दर्शन करने जा रहे थे। लेकिन इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए वे यहीं रुक गए। सीएम ने गिरीश से कहा कि श्रीरामजन्मभूमि का दर्शन करने से पूर्व प्रभु श्रीराम का नारा अवश्य लगाएं। सीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी... ने कैसे वेलफेयर स्कीम के माध्यम से दी जा रही है, यह भी आपने देखा होगा। गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। उसकी आजीविका की पुख्ता व्यवस्था सरकार कर रही है। भाजपा सरकार देश को समृद्ध करने के साथ दुनिया को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहा है। देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर भाजपा ने एक ही बात कही थी कि 75 वर्ष की यात्रा हमारे देश ने पूरी की है। इसी तन्मयता और देश के विकास के साथ 100 वर्ष भी पूर्ण हो जाएंगे। भाजपा सरकार ऐसे ही काम करके शताब्दी महोत्सव भी मनाएगी। इस शताब्दी वर्ष हर युवा का सपना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम 25 वर्षों के अंदर एक रोड मैप के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। सीएम ने कहा कि विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री ने पांच संकल्प लिए हैं। इन संकल्पों को पूरा करना ही मोदी सरकार का लक्ष्य है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि महाराणा प्रताप देश में गुलामी की जंजीरों को तोड़ने वाले एक महानायक के रूप में याद किए जाते हैं। उन्होंने विदेशी हुकूमत के सामने अपना सिर नहीं झुकाया। सीमए ने छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई का भी जिक्र करते हुए उनके बलिदान और संघर्षों का याद किया। उन्होंने जौनपुर की जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि जौनपुर के लोग अपनी मेहनत से आगे बढ़े हैं। यहां के लोग मुंबई के साथ कई राज्यों में कार्य कर रहे हैं और बड़े-बड़े उद्यमी बने। इसी क्रम में सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम का जिक्र किया। कहा कि आज काशी की अलग पहचान बन चुकी है। विश्वभर के लोग काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने आते हैं। भाजपा सरकार के दौर में जौनपुर में रोड बन रहा है। गोमती नदी में पुल बना रहे हैं। जिले का सुंदरीकरण हो रहा है। हर गरीब को राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है। ह्यवन जिला-वन प्रोडक्टह्व में भी यहां के प्रोडक्ट को बेसिक मान्यता दिलाने के लिए उसे आगे बढ़ाया जा रहा है। ह्यहर घर में नल की योजनाह्व लागू हो रही है। हर गरीब को आयुष्मान भारत की सुविधा का लाभ मिल रहा है। इसी के साथ ही सीएम योगी ने भाजपा सरकार की प्रमुख योजनाओं पर भी चर्चा की।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बैनर तले निकली जागरूकता रैली

मनिहारी (गाजीपुर)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दो दिवसीय जागरुकता रैली ग्रामीण विकास संस्थान के बैनर तले फिरोजपुर, सुल्तानीपुर, रंजीतपुर सहित आदि गांवों में निकाली गई।और दुसरे दिन रामपुर जीवन गांव में पहुंच कर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।और लोगों से बेटा हो या बेटी दोनों को स्कूल भेजने की अपील की गई। बेटा-बेटी एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा छूटा, पढ़ी-लिखी नारी घर की उजियारी,आदि नारों के लिखे स्लोगन लेकर रैली में बच्चे चल रहे थे।ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष शमीम अब्बासी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण उपकरण है।यह जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने का साहस प्रादन करती है।

पूरी शिक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान हम सभी और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के प्रति आत्मनिर्भर बनाती है। अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है। सभी अभिभावकों को चाहिए कि बेटा हो या बेटी सभी को स्कूल में दाखिला कराएं और स्कूल भेजने का प्रबंध करें। ग्राम प्रधान विक्रम चन्द्र ने कहा कि सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को संस्थान के लोगों द्वारा हमारी बेटियां हमारा गौरव के तहत यह उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसे हम अभिभावकों को चाहिए कि बेटा हो या बेटी सभी को बिना भेद-भाव कर स्कूल भेजकर पढ़ाना चाहिए।

वहीं अन्त में गांव की उन महिलाओ को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया जो अपने बेटा व बेटी का दाखिला स्कूल में कराए हुए थे।महिलाओं किशोरियों द्वारा रैली के माध्यम से गायन नेतृत्व भाषण के माध्यम से अपने हक व अधिकार की बात कही। इस अवसर पर प्रतिमा चौबे, सरोज पांडेय, जकी अहमद, इंतजार अहमद, कुमारी वंदना, राजविजय, श्रीमती माया देवी, विनोद कुमार, संजय, जितेंद्र कुमार, सरोज, कंचन, रसायन, आदि उपस्थित रहे अध्यक्षता ग्राम प्रधान विक्रम चन्द्र एवं संचालन प्रेमकला राजभर ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी



प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय बाजार के गाजीपुर रोड स्थित सेन हॉस्पिटल मे संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय शुभम सेन (लकी) फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब देर तक वह नहीं उठा तो परिजन ने उसे उठाने के लिए आवाज दिया कई बार आवज देने पर दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा को तोड़ कर देखा तो युवक पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। यह देख घर के लोगो की चिख पुकार होने लगी आसपास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। युवक अपने ननिहाल में रहकर बी फार्मा की तैयारी कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### आल इणियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक 11 को

प्रखर वाराणसी। आल इणियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी की जिला ईकाई की बैठक दिनांक 11-3-2024 को11 से राजकुमार केसरी के आवास भुल्लन पुर रोहनिया में होगी बैठक के मुख्य अतिथि गिरीश तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष होंगे।यह जानकारी जिला महासचिव अशोक कुमार ने दी।

### 14 मार्च को भारी संख्या में रामलीला मैदान दिल्ली पहुंचे : इंद्रदेव पाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला काउंसलिंग की बैठक अंबेडकर पार्क लंका गाजीपुर में डॉक्टर सीताराम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में किसान सभा के राज्य के नेता इंद्रदेव पाल ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में पहुंचने और मार्च तक किसान सभा की सदस्यता राज्य को भेज देना होगा, और एमएसपी की गारंटी किसानों के कर्ज माफी, बिजली का निजीकरण को बंद करने, आंदोलन के दौरान किसानों पर सभी मुकदमे खत्म करने और शहीद किसानों के परिवार के सदस्यों को एक करोड़ मुआवजा, एक सरकारी नौकरी देने की मांग की चर्चा करते हुए ?केंद्र तथा राज्य की सरकार को किसान मजदुर नौजवान महिला विरोधी बताया। वहीं किसान सभा के जिला मंत्री जोगिंदर यादव ने कहा गाजीपुर के चीनी मिल, सूती मिल चालू करने तथा अफीम फैक्ट्री का विस्तार और गाजीपुर के किसानों को पोस्ता की खेती का लाइसेंस देने, बटाईदार किसानों को किसान का दर्जा देने, दूध, डेरी, सब्जी भंडार की बात करते हुए इन सवालों पर किसान आंदोलन के लिए कमर कश तैयार रहे। मारकंडे प्रसाद ने गेहूं, धान आदि की खरीद सहकारी समितियां पर खरीदने की बात कर बताते हुए कहीं। वही किसान सभा के उपाध्यक्ष भोला यादव, सुब्बा यादव, चंद्रिका यादव विजय बहादुर सिंह आदि सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये ।

### बिरनों पुलिस ने किया चोरी से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल मार्गदर्शन में मु0अ0सं0 39/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त मुख्तार खान पुत्र स्व0 भोलू खान निवासी ग्राम नोनहरा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को शनिवार को उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह थाना बिरनों जनपद गाजीपुर मय हमराह पुलिस बल के ग्राम गोपालपुर थाना बिरनों, गाजीपुर से मय चोरी की गयी भैंस मय अवैध शस्त्र 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ अभियुक्त मुख्तार खान पुत्र स्व0 भोलू खान नि0 ग्राम नोनहरा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 40/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिरनों पंजीकृत करते हुये विधिक प्रक्रिया में मा0 न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रामदेव, कांस्टेबल राहुल यादव द्वितीय शामिल रहे।

### नंद घर के साथ अपने हुनर से पहचान बुन रहीं सुमन पटेल



वाराणसी। दुनियाभर में मनाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बीच सुमन पटेल की कहानी, दृढ़ संकल्प और सशक्तिकरण के एक बेमिसाल उदाहरण को दशार्ती है सिर्फ 26 साल की उम्र में दो बच्चों की माँ सुमन ने अपनी जिंदगी को संभालने और नए मौकों को अपनाने के अपने अटूट संकल्प के जरिए तमाम मुश्किलों को पार करते हुए अपने जीवन को एक नई दिशा देने का काम किया। सुमन अपनी उपलब्धि पर हर्ष महसूस करते हुए कहती हैं की मैंने कभी नहीं सोचा था कि सिलाई के प्रति मेरा प्रेम, मुझे इस तरह सफलता की राह पर आगे लेकर जायेगा` आफ और नंद घर ने मुझमें ऐसी क्षमता देखी जो दूसरों को नहीं दिखाई दी और उन्होंने मुझे अपने सपनों को पूरा करने के लिए जरुरी साधन व आत्मविश्वास प्रदान किया।

### नवाचारी शिक्षक का विद्यालय पर पहुंचने पर हुआ स्वागत



पिंडरा। राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) प्रयागराज से शिक्षण अधिगम के लिए पुरस्कार प्राप्त करने के बाद विद्यालय पहुचने पर शिक्षक कमलेश पांडेय का छात्र छात्राओं द्वारा शनिवार को स्वागत किया गया। बताते चलें कि निदेशक दिनेश सिंह, बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए जौनपुर डॉक्टर गोरखनाथ पटेल एवं सहायक वित्त लेखा समग्र शिक्षा दीपक कुमार पांडे द्वारा कम्पोजिट विद्यालय रमईपट्टी के नवाचारी शिक्षक कमलेश पांडेय की पुस्तक साझा संग्रह "शिक्षण अधिगम संगम" का विमोचन करने के साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया था। उसकी एक प्रति शिक्षक ने अपने स्कूल कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी के लाइब्रेरी में रखने के लिए दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## अजगरा विधायक ने सीएससी सेंटर से किया सीएससी मोबीवैन का लोकार्पण एवं उद्घाटन

प्रखर वाराणसी। भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज के माध्यम से डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने हेतु गांव के प्रत्येक व्यक्ति को भारत सरकार के सभी प्रमुख योजनाओं से जोड़ने के सफल मुहिम में अजगरा विधानसभा में सीएससी एकेडमी,वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के तत्वाधान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए यह एक पहल के रूप में अग्रसर है इस मोबीवैन के मध्यम से समय समय योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त होती रहेगी इस बैन का शुभारंभ विधायक त्रिभुवन राम द्वारा सीएससी सेंटर से किया गया। इस अवसर पर सीएससी के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश मिश्रा ,सीएससी जिला प्रबंधक अरविंद कुमार मौर्य,सुनील कुमार मौर्य,चोलापुर बिजली विभाग के जेई अमित शेखर ,लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन से जेब्रान खान एवं सीएससी केंद्र संचालक विकास अरविंद सिंह के साथ-साथ कार्यक्रम के सहयोगी रवि सिंह रघुवंशी, अनीश सिंह, मोहित, संदीप, अखिलेश शर्मा एवम सैकड़ो की संख्या में सम्मानित नागरिक गण उपस्थित रहे।



**भारत सरकार की प्रमुख सेवाएं** - प्रधानमंत्री जन धन योजना अकाउंट बरोड़ा यूपी बैंक, एचडीएफसी बैंक, प्रधानमंत्री अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ट्रैक्टर लोन, रोटावेटर, थ्रेसर, अन्य उपकरण लोन`

**पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना** - पीएम विश्वकर्मा योजना (स्वरोजकार को बढ़ावा देने हेतु),पीएम किसान सम्मान निधि योजना (किसानों को आर्थिक सहायता करने हेतु),ई-श्रम योजना ( दो लाख तक दुर्घटना हेतु),आयुष्मान भारत ( पांच लाख तक इलाज हेतु), वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना,दिव्यांग पेंशन योजना। मुख्य अतिथि त्रिभुवन राम (विधायक) अजगरा विधानसभा, विशिष्ट अतिथि अविनाश मिश्रा, स्टेट कोडिनेटर सीनियर मैनेजर सीएससी उत्तरप्रदेश, जेब्रान खान स्टेट सीनियर मैनेजर (लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन)।

## तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक के साथ 2 नाबालिग सहित 3 वांछित गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्वेक्षण में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक रामसजन नागर मय टीम देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर सन्त रविदास गेट सनेहुआ के पास चेकिंग कर रहे थे कि चेकिंग के दौरान एक बाइक पर तीन सवार व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें रोक कर तलाशी ली गयी तो अभिनव गुप्ता उर्फ साहिल गुप्ता निवासी ग्राम चक आजम थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर के पास से एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ व बाइक के सम्बन्ध मे पूछताछ की गयी तो अभिनव गुप्ता उर्फ साहिल गुप्ता निवासी ग्राम चक आजम थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष, बाल अपचारी निवासिवग्राम चावनपुर गनी थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर, बाल अपचारी निवासी ग्राम कटया परजीपाह थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के द्वारा किसी प्रकार का वैध कागजात नहीं दिखाया गया तथा बाइक के सम्बन्ध मे पूछताछ कर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल स्पेलेण्डर यूपी 54एन4526 दिनांक 07 मार्च 24 को फिरदौस पुत्र फक्करे आलम निवासी बहादुरगंज थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर की है, जिसे अभियुक्तगण के द्वारा गांधी मेमोरियल मैदान के सामने से चोरी की गयी है। फिरदौस पुत्र फक्करे आलम के द्वारा उक्त मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध मे दिनांक 07 मार्च 24 को मु0अ0स0 53/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया था। दिनांक 08 मार्च 24 को समय रात 9.35 बजे कारण गिरफ्तारी बताते हुए अभिनव गुप्ता उपरोक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया तथा शेष 02 बाल अपचारी को निगरानी मे लिया गया। अभिनव गुप्ता उर्फ साहिल गुप्ता पता उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 55/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है।

## यह चुनाव लोकतन्त्र और संविधान बचाने की चुनौती है : डा. वीरेन्द्र यादव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को प्रत्येक विधान सभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करने के पश्चात समाजवादी पार्टी के लोकसभा क्षेत्र गाजीपुर के प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी जी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए जंगीपुर विधान सभा के बवाड़े सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण एवं जनसम्पर्क किया और इन स्थानों पर आयोजित जनसभाओं में लोगों से समर्थन एवं सहयोग की अपील करते हुए भाजपा सरकार द्वारा अपने और अपने परिवार के ऊपर हुए जुल्म और ज्यादती के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रही है। विरोधियों के साथ इस सरकार का सलूक ठीक नही हैं। हुक्मरानों को लोकतंत्र पसंद नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमें चुनाव लड़ने से रोकना चाहती थी लेकिन न्याय पालिका ने हमारे साथ न्याय किया जिससे उनके नापाक मंसूबे ध्वस्त हो गये। उन्होंने कहा भाजपा ने जुल्म की इंतहा कर दी है। भाजपा के जुल्मो सितम के चलते आज मेरा परिवार अथाह पीड़ा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चाहे जितना चाहे जुल्म ज्यादती कर ले, मरना कुबूल है लेकिन झुकना गंवारा नही। उन्होंने कहा कि गरीब और वतन की सेवा हमें अपने पुरखों से वरासत में मिली है। वह हमारे खुन में हैं। उन्होंने कहा कि मिट जाऊंगा लेकिन गरीब के सम्मान और उनके हक हकूक की लड़ाई आजीवन लड़ता रहूंगा। जंगीपुर विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए चुनौती है। हम सबके समक्ष लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती है।यदि हम उनके झूठ, फरेब और साजिश से नहीं बचे तो यह लोकतंत्र का अंतिम चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि संविधान बचेगा तभी सबके हक और अधिकार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर होकर इस बार चार सौ के पार का नारा दे रही है जबकि सच्चाई यह है कि कई प्रान्तों में उसका खाता नहीं खुलेगा । उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को मूर्त रुप लेते देख भाजपा नेताओ की नींद उड़ चुकी है।वह हताश और निराश होकर इस तरह के नारे दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने सीबीआई और इलेक्ट्रानिक मीडिया को भाजपा का कवच बताते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी का दुरूपयोग कर रही है भाजपा सरकार। मीडिया सच दिखाने के बजाय मोदी जी के कसीदे पढ़ने में व्यस्त है। ईडी, सीबीआई और मीडिया किसानों, नौजवानों, व्यापारियों और छात्रों के आक्रोश से भाजपा को नही बचा पायेगी। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना और एनडीए सरकार का जाना तय है। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सूर्यनाथ यादव, सुभाष यादव, विरेन्द्र यादव, दारा यादव, उपेन्द्र यादव, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन सभाओं की अध्यक्षता और संचालन जंगीपुर विधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने किया।

## प्रशासन द्वारा कोई सुधि न लेने पर किसानों ने की चुनाव बहिष्कार की घोषणा

पिंडरा। पिंडरा तहसील पर काशी द्वार के विरोध में धरना दे रहे किसान 12 वे दिन भी डटे रहे और सरकार व जिला प्रशासन द्वारा कोई निर्णय न लेने से आक्रोशित किसानों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की। तहसील गेट पर धरने पर बैठे किसानों ने कहाकि सरकार गत 17 फरवरी को बैठे थे लेकिन पीएम मोदी के करखियाव आगमन को देखते प्रशासन के आश्वासन देकर धरना स्थगित कराया था। लेकिन कोई सुनवाई न होने पर फिर 26 फरवरी से धरने पर बैठना पड़ा। लेकिन अब भी प्रशासन सुध नही ले रहे। जिससे रघुनाथपुर, बहुतरा, पिंडरा, चकिन्दर, जददुपुर, कथौली, बेलवा समेत अनेक गांव के किसान उपजाऊ भूमि पर अवासीय योजना के विरोध में है। शनिवार को किसानों निर्णय लिया कि यदि सरकार किसानों की कोई सुधि नही लेती तो किसान धरना प्रदर्शन तेज करने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने का निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान गिरधारी लाल, रविशंकर,भरत भुआल, दूधनाथ ,राजनाथ पटेल संतोष पटेल, फतेहनारायण पटेल , जितेंद्र पटेल, राधेश्याम पाल, अशोक कुमार सिंह, अमृत लाल आशिष पटेल व चौधरी पटेल समेत अनेक किसान रहे।



## लोकसभा चुनाव से संबंधित प्रभारियों की ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 24 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु एवं निर्वाचन के सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत्-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी, अपर प्रभारी अधिकारियों एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थित मे समीक्षा बैठक संम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों तथा उनके कार्यो एंव दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें प्रेक्षक व्यवस्था, पोलिंग पर्सनल वेलफेयर व्यवस्था, शांति व्यवस्था, आचार संहिता अनुपालन, क्रिटीकल, वनेर्बुल बूथों की संख्या, कार्मिकों की नियुक्ति, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, मतदान, मतगणना कार्मिक, माइक्रोआब्जर्वर व्यवस्था, सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा, निर्वाचन प्रबन्ध, टेन्ट व्यवस्था, नामांकन, पूर्वाभ्यास, पार्टी डिस्पैच एवं रिसप्शन तथा मतगणना व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों की तैयारी, वीडियो सर्विलांस, उड़नदस्ता, मानिटरिंग टीम के गठन एवं उनके कार्यों का पर्यवेक्षण, काल सेन्टर, कन्ट्रोल, डाक मतपत्र, ई०डी०सी०, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण, ई०वी०एम० मतपत्र व्यवस्था, वीडियो, डिजिटल, वेबकास्टिंग, कैमरा, सी.सी. कैमरा की व्यवस्था,निर्वाचन व्यय लेखा निर्वाचन लेखन सामग्री, प्रपत्र व्यवस्था, प्रेस व मीडिया से सम्बन्धित व्यवस्था खानपान व्यवस्था, सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता, मतदाता साक्षरता क्लब दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित व्यवस्था, जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना ऑफलाइन, ऑनलाइन, रूटचार्ट, सेक्टर जोन सम्बन्धी कार्य, कम्युनिकेशन प्लान सम्बन्धी कार्य, निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त स्थानीय डाक वितरण व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश, दूरभाष, आई0टी0टी0 सूचना प्राप्ति एवं प्रेषण, एम0सी0एम0सी0 कन्ट्रोल रूम, मीडिया सेल एवं चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य चुनाव से सम्बन्धित कार्यो की क्रमवार समीक्षा की गयी। जिसमें बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लगने के उपरान्त कार्य की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पूरी अपेक्षित होगी, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि छोटे गाड़ियों एवं बसो के साथ भारी वाहनों की व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित कर लिया जाय। जितने भी बूथ बनाये गये है उसके आने जाने वाले रास्ते एवं कमरो की रंगाई पोताई के साथ दरवाजे की मरम्मत अवश्य करा ली जाय। उन्होने बताया कि लगभग 2936 बूथ निर्धारित किये गये है एवं 1622 पोलिग सेन्टर बनाये गये है इन स्थानो पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि दिब्यागंजन हेतु 1630 व्हील चेयर की व्यवस्था एवं दवाओं की किट की व्यवस्था प्रचुर मात्रा में कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी को निर्देशित किया की चुनाव प्रारम्भ होने से पहले समस्त आय व्यय एवं सामाग्री की टेन्डिरिग कर लिया जाय। छोटे बड़े कार्यो की सूची बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया जाय की इसमें प्रतिदिन की कोई भी कार्य छूटा तो नही है की चार्ट बना लिया जाय। भारत निवार्चन आयोग की गाईड लाईन एवं उनके प्रोफार्मो की गहन समीक्षा पहले से कर ली जाय। उन्होने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0, रा0 को टेडर कार्य एवं अधूरे कार्य को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश दिया। माडल बूथ एवं सेल्फी बूथ चिन्हित कर पूर्ण रूप से तैयारिया कर ली जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको चुनाव सम्बन्धित कार्य दिये गये है उनको समय से पूर्ण कर ले, आदर्श आचार संहिता लगने के उपरान्त टीम गठित कर पूरी सामाग्री की व्यवस्था कर ली जाय। समस्त पेट्रोल पम्प एवं चौहारो पर लगे बैनर व पोस्टर हटाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विज्ञान अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यालय से समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# डिमेंशिया-लिवर रोग

## क्या मनोभ्रंश के कई मामले वास्तव में यकृत रोग हो सकते हैं?

**लीवर जब काम नही कर पाता है तो रक्त में विषाक्त पदार्थ (मुख्य रूप से अमोनिया) जमा हो सकते हैं और मस्तिष्क में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे मस्तिष्क के कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। यही एचई है। यह एचई बहुत हल्का हो सकता है इसलिए इसका निदान करना कठिन हो सकता है।**





**प्लाइमाउथ (द कन्वरसेशन)।** अमेरिकी दिग्गजों के एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि जो लोग मनोभ्रंश से पीड़ित थे, उनमें से 10 प्रतिशत लोगों को दरअसल यकृत की एक उपचार योग्य बीमारी थी जिसे हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी (एचई) कहा जाता है। शराब, वसा का जमाव और हेपेटाइटिस वायरस सहित कई चीजों से लीवर क्षतिग्रस्त हो सकता है। जब क्षति कई वर्षों तक जारी रहती है, तो लीवर खराब हो जाता है (जिसे सिरोसिस के रूप में जाना जाता है) और, एक निश्चित बिदु पर, खून को साफ करने के अपने महत्वपूर्ण कार्यो में से एक को पूरा नहीं कर पाता है। लीवर जब काम नहीं कर पाता है तो रक्त में विषाक्त पदार्थ (मुख्य रूप से अमोनिया) जमा हो सकते है और मस्तिष्क में प्रवेश कर सकते है, जिससे मस्तिष्क के कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। यही एचई है। यह एचई बहुत हल्का हो सकता है इसलिए इसका निदान करना कठिन हो सकता है। लक्षण नींद के पैटर्न में बदलाव या चिड़चिड़ापन जैसे सूक्ष्म हो सकते है। जैसे-जैसे स्थिति बिगड़ती है, भूलने की बीमारी, भटकाव या भ्रम जैसे लक्षण सामने आते है। अपने सबसे गंभीर रूप में, यह कोमा और मृत्यु का कारण बन सकता है। एक बार निदान हो जाने पर, इसका इलाज किया जा सकता है, शुरुआत में जुलाब के साथ जो अमोनिया और आंत में जमा होने अन्य विषाक्त पदार्थो को निकालने में मदद करता है। इसके बाद एंटीबायोटिक (रिफ़ैक्सिमिन) से उपचार किया जाता है जो आंत में कुछ हानिकारक अमोनिया पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार देता है। यदि यह बहुत गंभीर है, तो लिवर प्रत्यारोपण भी कराना पड़ सकता है।

### खामोश बीमारी

यदि हम जानते है कि व्यक्ति को सिरोसिस है तो उसका पता लगाना और उसका इलाज करना आसान होता है। परेशानी यह है कि सिरोसिस तब तक एक खामोश स्थिति है जब तक यह बहुत बाद के चरण में नहीं पहुंच जाती जब लिवर खराब होने लगता है। सामान्य आबादी में उसका निदान करना बहुत कठिन है। मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों में मनोदशा, व्यवहार में बदलाव, भ्रम और भूलने की बीमारी के लक्षण भी देखे जाते है। डिमेंशिया एक ऐसी स्थिति है जो मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को लंबे समय तक नुकसान पहुंचने के कारण होती है। यह आमतौर पर मधुमेह या उच्च रक्तचाप (संवहनी मनोभ्रंश) के कारण छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान के कारण मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति में कमी के कारण होता है। मनोभ्रंश के अन्य रूपों में अल्जाइमर रोग शामिल है, जहां जमाव मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता है जिससे भूलने की बीमारी और भ्रम के विशिष्ट लक्षण पैदा होते है। नए अमेरिकी अध्ययन में कम से कम दो अलग-अलग अवसरों पर किए गए मनोभ्रंश के निदान के साथ दस वर्षों में वेटरन्स हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा इलाज किए गए पूर्व सैनिकों के मेडिकल रिकॉर्ड की जांच की गई। टीम ने इस समूह के रक्त परिणामों सहित नैदानिक डेटा को देखा और उनका उपयोग एफआईबी -4 स्कोर (यकृत रक्त परिणामों और उम्र के आधार पर एक स्कोर) की गणना करने के लिए किया, जिसका उपयोग यकृत क्षति की भविष्यवाणी करने के लिए किया जा सकता है। विश्लेषण में 175,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया था। इनमें से 10 प्रतिशत (18,390 लोग) का एफआईबी-4 स्कोर 3.25 से अधिक था (लिवर स्कारिंग के निदान के लिए एक स्वीकृत कट-ऑफ)। शोधकर्ताओं ने पाया कि उच्च एफआईबी-4 स्कोर वायरल हेपेटाइटिस और भारी शराब का सेवन करने वालों में अधिक आम था - जो कि यकृत रोग के जोखिम कारक है।



### महत्वपूर्ण नया रास्ता


इस तरह से नियमित रूप से एकत्र किए गए स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करने वाला यह अपनी तरह का पहला अध्ययन है। हालाँकि, हमें इन परिणामों पर कुछ सावधानी बरतनी चाहिए। सबसे पहले, डेटा सैन्य दिग्गजों का है - 97 प्रतिशत पुरुष और 80 प्रतिशत श्वेत जातीयता - और इसलिए व्यापक आबादी का प्रतिनिधि नही है। दूसरा, एफआईबी-4 का उपयोग सिरोसिस के मार्कर के रूप में किया गया था। यह एक उपयोगी स्कोर है जिसकी गणना आसानी से की जा सकती है, लेकिन सटीकता यकृत रोग के कारण पर निर्भर करती है और वृद्ध लोगों में यह कम होती है।




## मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हुई आर्टिकल-370

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 ,23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट (ट्विटर) पर शेयर की। उन्होंने आर्टिकल-370 को टैक्स फ्री करने की वजह भी बताई। मोहन यादव ने मैसेज शेयर करते हुए लिखा, इस फिल्म के माध्यम से देश जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाने के पहले और इसके बाद आए ऐतिहासिक परिवर्तन को नजदीक से जान सकेगा।

## तमन्ना ओडेला 2 की शूटिंग में पहला लुक



**अभिनेत्री को शिव शक्ति के रूप में दिखाया गया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वह फिल्म में भगवान शिव की भक्त का किरदार निभा रही होंगी।**

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म 'ओडेला 2' के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुकी हैं। अभिनेत्री ने अपना पहला लुक सोशल मीडिया पर साझा कर खुशी जाहिर की है। बता दें कि अभिनेत्री अभी 'ओडेला-2' की शूटिंग वाराणसी में कर रही हैं। शूटिंग जारी है, ऐसे में जब पूरा देश भगवान शिव की भक्ति में लीन है, तो अभिनेत्री ने कुछ समय निकालकर अपना पहला लुक अपने सोशल मीडिया पर एक्स अकाउंट पर साझा किया है। फोटोज में अभिनेत्री लाल और सतरंगी रंग के कपड़े पहनी हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री के एक हाथ में डमरू, तो दूसरे हाथ में छड़ी नजर आ रही है। उनके माथे पर भगवान शिव का तिलक भी नजर आ रहा है। फिल्म का पोस्टर भी पहली दफा सार्वजनिक किया गया है, जिसमें अभिनेत्री को शिव शक्ति के रूप में दिखाया गया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वह फिल्म में भगवान शिव की भक्त का किरदार निभा रही होंगी। अभिनेत्री ने 'ओडेला-2' फिल्म में अपना पहला लुक साझा करते हुए कहा कि मुझे अपना पहला लुक महाशिवरात्रि के खास मौके पर साझा करते हुए खुशी हो रही है। बता दें कि ओडेला-2 डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई 'ओडेला रेलवे स्टेशन' की अगली कड़ी है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



## अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखाया गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते।

## शिव भक्ति में लीन अक्षय कुमार, फैंस को दी बधाई

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर अपने फैंस को बधाई दी है। बीते दिनों अभिनेता ने भगवान शिव के गाने के लिए भी अपनी आवाज दी थी। एक्टर ने फिल्म 'ओएमजी 2' में भगवान शिव का रोल प्ले किया था। महाशिवरात्रि के मौके पर उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर साझा की और लिखा, देवों के देव। हर-हर महादेव। महाशिवरात्रि की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं। जय महाकाल। बता दें कि बीते सप्ताह अभिनेता ने सोशल मीडिया पर शंभु नामक दिल को छू देने वाला एक गाना भी शेयर किया था। यह गाना उन्होंने खुद गाया है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि अब किस तरह से अभिनेता के मन में भगवान शिव के प्रति अगाध श्रद्धा उत्पन्न हो रही है।



## टीवी अभिनेत्री डॉली सोही का कैंसर से निधन

**मुंबई (भाषा)।** टेलीविजन शो 'झनक' और 'भाभी' में बेहतरीन अभिनय करने वाली अभिनेत्री डॉली सोही का शुक्रवार सुबह सर्वाइकल कैंसर से नवी मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी उम्र 47 वर्ष थी। सोही के भाई मनप्रीत ने यह जानकारी दी। अभिनेत्री को छह माह पूर्व ही सर्वाइकल कैंसर होने का पता चला था और वह तब से इसका इलाज करा रही थी। सोही के भाई मनप्रीत ने कहा,' वह नहीं रहीं। अपोलो अस्पताल में सुबह करीब चार बजे उनका निधन हो गया। उन्हें सर्वाइकल कैंसर था और मर्ज उनके फेफड़ों तक फैल गया था। उनकी तबीयत खराब होने के कारण हमने उन्हें कल रात अस्पताल में भर्ती कराया था।'






## 9 मार्च से शुरू होगा सुपरस्टार सिंगर 3

**मुंबई (वार्ता)।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 9 मार्च से देसी सिंगिंग रियलिटी शो'सुपरस्टार सिंगर 3'शुरू होगा। सुपरस्टार सिंगर 3 में' पॉप सेंसेशन नेहा कक्कड़'सुपर जज'के रूप में शामिल होंगी और कैप्टन - सलमान अली, पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, मोहम्मद दानिश और सायलीकांबले प्रतिभागियों को अपना संगीत का ज्ञान देंगे और उनकी संगीत प्रतिभा निखारेंगे। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के 13 वर्षीय क्षितिज सक्सेना ने 'सतरंगा' का एक इमोशनल वर्शन प्रस्तुत किया। उन्हें न सिर्फ सभी से स्टैंडिंग ओवेशन मिला, बल्कि सुपर जजनेहा कक्कड़ की आंखों से भी खुशी के आंसू छलक पड़े। इस परफॉर्मेंस से अभिभूत होकर, कप्तान मोहम्मद दानिश क्षितिज को उनके दिल छू लेने वाले प्रदर्शन के लिए उन्हें गले लगाया। नेहा कक्कड़ ने बताया, क्षितिज, जो तेरे संग लगे, वो हे जो पीपल के धागे - वह हिस्सा बिल्कुल जबर्दस्त था, इसने सभी सही सुरों को छुआ। आपके गायन ने मुझे गहराई से छू लिया है और मेरे रोंगटे खड़े हो गए है। क्षितिज, आपभीतर से खुशी लाते है, और आपकी मासूमियत, आपकी गायन शैली के साथ मिलकर, विशेष रूप से ऐसे कठिन गीत केलिए महान अभ्यास और जिम्मेदारी के साथ आती है।

# कुत्तों का लाड़ में चाटना हो सकता है हानिकारक

**नॉटिघम (द कन्वरसेशन)। इसे पढ़ने वाले किसी भी व्यक्ति को, जिसके घर में कुत्ता है, घर पहुंचने की खुशी का एहसास होगा, जब उनका पालतू जानवर पूरे उत्साह और खुशी के साथ बेतहाशा पूंछ हिलाते हुए चाट-चाटकर उनका मुंह गीला करके उनका स्वागत करता है। कुछ लोग चेहरा चाटने को हतोत्साहित करने के लिए अपने कुत्तों को खेल-खेल में दूर धकेल देते हैं, वहीं अन्य लोग सकारात्मक रूप से अपने कुत्ते के स्नेह का आनंद लेते हैं और कुत्ते के चुंबन को स्वीकार करने के लिए अपने सिकुड़े हुए होंठों की पेशकश भी कर सकते हैं। यह दिल खुश कर देने वाला मंजर है। लेकिन सोचिए कि आपका वह डॉगी दिन भर क्या चाटता रहा होगा। उनका भोजन और पानी, उनके पंजे, उनके खिलौने और चबाने की चीज़ें - और शायद अपने निचले हिस्से भी।**

### क्या वे प्यारे चुंबन अब कुछ कम आकर्षक लगते हैं?

कुछ लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पालतू जानवरों ने क्या चाटा है, कई मालिक अपने कुत्तों से इतने प्रभावित होते है कि वे संभावित स्वच्छता संबंधी मुद्दों को नजरअंदाज करने को तैयार रहते है। और कुत्तों के लिए चाटना महत्वपूर्ण है। यह उनका एक सहज व्यवहार है। जब कुत्ते बार-बार अपना मुंह चाटते है, तो यह तनाव या भय का एक सूक्ष्म संकेत हो सकता है, खासकर जब कान पीछे और तनावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ हो। वास्तव में, होंठ चाटने की आवृत्ति का अवलोकन करना प्रशिक्षण सत्रों के दौरान और केनेल में रखे जाने पर कुत्तों के कल्याण का आकलन करने का एक तरीका है। कुत्ते इंसानों की भावनात्मक स्थिति के प्रति व्यावहारिक प्रतिक्रिया के रूप में भी होंठ चाटने का उपयोग करते है। साक्ष्य बताते है कि कुत्ते सहानुभूतिशील होते है। वे दृश्य और श्रव्य संकेतों का उपयोग करके मनुष्यों और अन्य कुत्तों दोनों में भावनाओं को पहचान सकते है।

### क्या अपने कुत्ते को अपना चेहरा चाटने देना स्वास्थ्यकर या सुरक्षित भी है?

मालिक आमतौर पर अपने कुत्तों से प्यार करते है, और कुत्तों का साथ और स्नेह उनके मालिकों की भलाई और मानसिक स्वास्थ्य के लिए चमत्कार कर सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि, कुछ मनुष्यों के लिए, कुत्ते की लार फायदे से अधिक नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर है, खुले घाव हैं, या कोई कुत्ता अपने भोजन में मल को भी शामिल करता है, तो ऐसे कुत्ते अगर आपके चेहरे को न ही चाटें तो सबसे अच्छा है। कुत्तों के मुंह में कई प्रकार के सूक्ष्मजीव रह सकते है जो आमतौर पर मनुष्यों के लिए कम जोखिम वाले होते है। हालाँकि, दुर्लभ मामलों में, ज़ूनोज़ (प्रजातियों के बीच होने वाली संक्रामक बीमारियाँ) कुत्तों के मनुष्यों को काटने, चाटने और खरोंचने से फैल सकती है। ज्यादातर समय कुत्ते की लार के संपर्क में आने वाले इंसान बीमार नहीं पड़ते। वास्तव में, बहुत से लोग किसी भी स्वास्थ्य समस्या का सामना किए बिना, अपने पालतू जानवरों, बच्चों और अन्य सभी के साथ रहते है। हालाँकि, ऐसे दुर्लभ मामले है जहां कुत्ते की लार के संपर्क में आने से लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए है।



### स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरों के बावजूद, क्या कुत्ते का चाटना फायदेमंद हो सकता है?

रिकॉर्ड बताते है कि अतीत में, जानवरों की लार का उपयोग घाव भरने के लिए किया जाता रहा है, कुछ कुत्तों को खुले घावों को चाटने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। हालाँकि, ऐसा कोई शोध नहीं है जो यह सुझाव दे कि पशु साथियों को घाव चाटने की अनुमति देने से उन्हें ठीक होने में मदद मिलती है। जानवरों को खुले घावों को चाटने की अनुमति देने से, वास्तव में, मालिक को संक्रमण का खतरा बढ सकता है। मनुष्यों और उनके कुत्तों के बीच संबंध अन्य संभावित उपचार लाभ प्रदान कर सकते है। पशु-सहायता चिकित्सा लोगों को चिता, खाने के विकार और आघात जैसे कई मुद्दों से निपटने में मदद करती है। उदाहरण के लिए, कुत्तों को गले लगाने और सहलाने से मरीजों को शांत महसूस करने और रक्तचाप और हृदय गति को कम करने में मदद मिल सकती है। कुत्ते के मालिक अपने पालतू जानवरों से बढ़ी हुई शारीरिक गतिविधि और सामाजिक संबंधों के साथ-साथ सहयोग और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य से लाभान्वित होते है। हालाँकि, मानव और कुत्ते के बीच घनिष्ठ संबंध के लिए चाटना आवश्यक नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू होगी। दूरसंचार विभाग के शुक्रवार को आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस से यह जानकारी मिली। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा।

### आईसीएआई साल में तीन बार परीक्षाएं आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट का निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) साल में तीन बार फाउंडेशन और इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं आयोजित करेगा। अब तक संस्थान साल में दो बार ये परीक्षाएं आयोजित करता रहा है। आईसीएआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''इंटरमीडिएट और फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं साल में तीन बार जनवरी, मई/जून और सितंबर महीने में आयोजित की जाएंगी।'' यह फैसला सात मार्च को आईसीएआई परिषद की बैठक में किया गया। आईसीएआई में चार लाख से अधिक सदस्य और करीब 8.5 लाख छात्र हैं।

### ओडिशा ने 80125 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 80,125 करोड़ रुपये के निवेश वाली सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से इस्पात, हरित ऊर्जा, दवा और रसायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 24,552 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं खुर्दा, जगतसिंहपुर, झारसुगुड़ा, गंजम और भद्रक जिलों में हैं। इनमें ग्रैन्यूल्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैन्यूल्स सीजेडआरओ प्राइवेट लिमिटेड, ईजी सोलविन हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड, एसीएमई ग्रीनटेक ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड, वारी क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एक्शन इस्पात और ओएफबी टेक प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाएं शामिल हैं।

### कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना वापस ली

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी को 'महिलाओं के लिए असुरक्षित' और मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ पाए जाने के बाद राज्य में इन सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने एक आदेश में कहा कि 2021 में शुरू की गई कर्नाटक इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना अब वापस ले ली गई है। अधिसूचना के मुताबिक, ''हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ निजी ऐप-आधारित कंपनियां मोटर वाहन अधिनियम और उसके नियमों का उल्लंघन कर रही हैं और परिवहन वाहनों के रूप में गैरकानूनी गैर-परिवहन दोपहिया वाहन चला रही हैं।''इसमें कहा गया है कि ऑटो रिक्शा और 'मैक्सी कैब' के मालिकों और ड्राइवरों की अक्सर बाइक सवारों के साथ कहा-सुनी होती रहती थी जिसके बाद कई मामले भी दर्ज किए गए। इस योजना की वजह से परिवहन विभाग के लिए कर संग्रह भी मुश्किल होने लगा था।

### डाबर ने स्थापित की ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाइन

**नई दिल्ली।** कार्यस्थल पर लिंग समानता को बढ़ावा देने के प्रयास में डाबर इंडिया लिमिटेड ने इंदौर के नज़दीक अब तक के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्लांट में 100 फीसद महिला कर्मचारियों के लिए ऑल-वुमेन प्रोडक्शन लाइन की शुरूआत की है। इस प्रोडक्शन लाइन में 20 महिलाएं 'वाटिका हेयर ऑयल्स की डाबर रेंज' के प्रोडक्शन में शामिल होंगी। प्रोडक्ट्स की यह रेंज 'महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए' तैयार की जाएगी। इन 'वाटिका वुमेन ऑफ सब्सटेंस' के सम्मान में स्पेशल वीडियो का लॉन्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किया गया। अपने इन प्रयासों के द्वारा डाबर मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्री में महिलाओं के योगदान को बढ़ाने और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। कंपनी आने वाले समय में अपनी फैक्टरी में 30 और महिलाओं को शामिल करेगी। यह जानकारी डाबर इंडिया लिमिटेड में एक्ज़क्टिव डायरेक्टर-एचआर बिपलाप बक्शी ने दी।

## शाकाहारी थाली हुई महंगी, मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई (भाषा)।**



- क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी की रिपोर्ट
- प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी
- पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ फीसद सस्ती हुई

प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, ''प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं।''

हालांकि जनवरी के 28 रुपये की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। 'ब्रॉयलर' मुर्गे की कीमतों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका कुल मूल्य में 50 प्रतिशत भारांश है। सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण यही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू फैलने से रमजान के पवित्र महीने से पहले आपूर्ति प्रभावित होने और मांग बढ़ने से फरवरी में ब्रॉयलर की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर 'डाटाबेस' शुरू किया

**नई दिल्ली (भाषा)।**



सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा।

शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय 'डाटाबेस' के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली 29 करोड़ से अधिक की सामूहिक सदस्यता वाली आठ लाख सहकारी समितियों के बारे में जानकारी एकत्र की गई है। 'डाटाबेस' केंद्रीय मंत्रालय, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों और सहकारी समितियों के बीच कुशल संचार के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करता है।

## डीपफेक व भ्रामक सूचना पर सख्त कानून जल्द : वैष्णव

**नई दिल्ली (भाषा)।**



- भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है : अश्विनी वैष्णव
- चुनाव बाद बेहद सुविचारित कानूनी ढांचा खड़ा करेंगे

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है।

भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है।

वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है।'

उन्होंने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा, 'हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं। हालांकि मंचों ने कई कदम उठाए हैं और वे लगातार कदम उठा रहे हैं। चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद हम निश्चित रूप से बेहद सुविचारित कानूनी ढांचा खड़ा करेंगे।' वैष्णव ने इस मुद्दे को प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम में ही समाहित किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'या तो उसके हिस्से के रूप में या डीपफेक और भ्रामक सूचना पर एक अलग कानून के बारे में भी सोचा जा सकता है।' पिछले हफ्ते, सरकार ने सोशल मीडिया एवं अन्य डिजिटल मंचों के लिए परीक्षण के दौर से गुजर रहे एआई मॉडल को चिह्नित करने और गैरकानूनी सामग्री पर रोक लगाने के लिए एक सलाह जारी की थी।

## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। वित्त मंत्रालय ने इस संदर्भ में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के मुताबिक, ''वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी।'

सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी। मासिक आय योजना के लिए ब्याज दर चालू तिमाही की तरह 7.4 प्रतिशत होगी। सरकार हर तिमाही में मुख्य रूप से डाकघरों में संचालित छोटी बचत योजनाओं पर देय ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

## पर्यटन क्षेत्र में 2.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि पर्यटन क्षेत्र में आने वाले वर्षों में 2.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता है। साथ ही यह क्षेत्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती की अगुवाई करने का भी एक अनूठा अवसर उपलब्ध कराता है।

कांत ने यहां होटल एवं रेस्तरां क्षेत्र के निकाय 'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) के एक सम्मेलन में कहा, ''जैसे-जैसे भारत टिकाऊ वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है, यह स्पष्ट है कि पर्यटन हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' उन्होंने 'ट्रैवल फॉर लाइफ - टूरिज्म सस्टेनेबिलिटी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा, ''इस क्षेत्र में आने वाले वर्षों में 2.5 करोड़ नई नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। पर्यटन न केवल आर्थिक समृद्धि लाता है बल्कि भारत के लिए कार्बन उत्सर्जन में कटौती की अगुवाई करने का एक अनूठा अवसर भी उपलब्ध कराता है।''

पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले सैलानियों और पर्यटन कारोबार के मामले में कुशल गतिविधियों को बढावा देना है।

नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कांत ने कहा, ''हमारी प्रति व्यक्ति खपत कम होने के बावजूद, हमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की उभरती चुनौती का सक्रिय रूप से समाधान करना चाहिए। कार्बन उत्सर्जन में कमी को लेकर भारत की प्रतिबद्धता न केवल जरूरी है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हम आने वाली पीढियों के लिए एक हरित और अधिक मजबूत भविष्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं।'

इस मौके पर एफएचआरएआई ने होटल एंड रेस्तरां उद्योग में पर्यावरण अनुकूल कदमों को आगे बढ़ाने के लिए इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन (आईपीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य उद्योग में जल संरक्षण और टिकाऊ 'प्लंबिंग' गतिविधियों को बढावा देना है।

इसके अलावा एफएचआरएआई ने इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के साथ भी साझेदारी की घोषणा की। इसका उद्देश्य भारत को 2025 तक इमारतों के क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों के क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के तौर पर आगे लाना है।

## श्रीलंका से पांच लाख टन सुपारी आयात होगी

**नई दिल्ली (भाषा)।**



ब्रिटेन स्थित विविध कारोबार कंपनी एसआरएएम एंड एमआरएएम ग्रुप ने श्रीलंका से पांच लाख टन सुपारी का आयात करने के लिए एक समझौता किया है। समूह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सुपारी के आयात के लिए श्रीलंका स्थित कंपनी प्राइम स्टार प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बयान के मुताबिक, प्राइम स्टार के पास व्यापार-मुक्त क्षेत्रों में प्रति माह न्यूनतम 25,000 टन प्रसंस्करण क्षमता वाली इकाइयां हैं। सुपारी के आयात की मात्रा लगभग 500,000 टन प्रति वर्ष होगी।

भारत इंडोनेशिया, बांग्लादेश और श्रीलंका से सुपारी का आयात करता है। सुपारी का सांस्कृतिक महत्व है और भारत में विभिन्न पारंपरिक गतिविधियों और समारोहों में इसका इस्तेमाल होता है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने सुपारी के आयात को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय के अनुसार, 351 रुपये प्रति किलोग्राम से कम कीमत पर सुपारी के आयात की अनुमति नहीं है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर 2023 में सुपारी का आयात लगभग 92 प्रतिशत घटकर 4.04 करोड़ रुपये रह गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 53.71 करोड़ रुपये था। एसआरएएम एंड एमआरएएम ग्रुप की सीईओ हेमलता अरुमुगम ने कहा कि यह समझौता भारत में सुपारी की बढ़ती मांग को पूरा करने और कंपनी की भारत में मौजूदगी बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

## सेबी को जांच में सहयोग करेंगे : जेएम फाइनेंशियल

**नई दिल्ली (भाषा)।** जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड ने कहा कि वह ऋण प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गम को लेकर पूंजी बाजार नियामक सेबी की जांच में पूरा सहयोग करेगी। कंपनी का यह बयान उस समय आया, जब सेबी ने अनुचित व्यापार व्यवहार के कारण जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को ऋण प्रतिभूतियों के किसी भी सार्वजनिक निर्गम के लिए लीड प्रबंधक के रूप में कार्य करने से रोक दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, जेएम फाइनेंशियल उन ऋण प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गम में 60 दिन के लिए लीड प्रबंधक के रूप में काम कर सकती है, जो उसके पास मौजूदा समय में हैं।

इस आदेश के बाद जेएम फाइनेंशियल ने शेयर बाजार को बताया, 'कंपनी इस जांच में सेबी के साथ पूरी तरह सहयोग करेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल में जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के खिलाफ ऋण की मंजूरी और वितरण सहित शेयरों और डिबेंचर के एवज में किसी भी प्रकार का वित्तपोषण प्रदान करने से रोक दिया था।

## जम्मू-कश्मीर में राजमार्गों के लिए 2094 करोड़ मंजूर



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और मजबूती के लिए 2,093.92 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 701 के रफियाबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार-चामकोट खंड के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 1,404.9 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि पहले पैकेज के तहत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) माध्यम से बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में बीकन परियोजना के तहत क्रियान्वित इस पहल का उद्देश्य 51 किलोमीटर मार्ग को दो लेन में बदलना है।

इसके साथ ही एसडीए पार्किंग (जबरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेन्नई खंड के उन्नयन और सुदृढीकरण के लिए 562.40 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी गई है।

गडकरी ने यह भी कहा कि मंत्रालय ने गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उन्नयन के लिए 1,532.97 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय ने झारखंड के जमशेदपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 (नया-18) के कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबे चार-लेन एलिवेटेड गलियारे के निर्माण के लिए भी 936.26 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 625 अरब डॉलर के पार

**मुंबई (भाषा)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढकर 625.63 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढकर 619.07 अरब डॉलर रहा था।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, एक मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.04 अरब डॉलर बढकर 554.23 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## अब नेपाल में भी करें यूपीआई के जरिए भुगतान

**मुंबई, (भाषा)।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है।

बयान में कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं।

एनआईपीएल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा, 'यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए हमारे समर्पण को भी दर्शाती है।

फोनेपे के सीईओ दिवस कुमार ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि यह सीमा पार भुगतान समाधान दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों, वाणिज्य और पर्यटन में उल्लेखनीय सुधार करेगा।'

## आईएफएससी की इकाइयों को टीडीएस से छूट मिलेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में स्थित 14 सेवा क्षेत्रों की इकाइयों को किए जाने वाले कुछ भुगतानों को 'स्रोत पर कर कटौती' (टीडीएस) प्रावधानों से एक अप्रैल से छूट देने का फैसला किया है। इस छूट से कर अनुपालन बोझ कम होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि वित्तीय-प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, कोष प्रबंधन इकाई, वित्त कंपनी, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, बीमा मध्यस्थ और निवेश बैंकिंग जैसे क्षेत्रों की आईएफएससी में स्थित इकाइयों को भुगतान के लिए कोई टीडीएस नहीं काटना होगा। इस फैसले के बाद टीडीएस छूट पेशेवर/रेफ़रल शुल्क, ब्रोकरेज आय, बाहरी वाणिज्यिक उधार/ ऋण पर ब्याज, बीमा कमीशन, लाभांश और क्रेडिट रेटिंग शुल्क जैसे भुगतानों पर लागू होगी।

अधिसूचना एक अप्रैल, 2024 से लागू होगी और इसमें दी गई छूट लगातार 10 आकलन वर्षों तक लागू होगी। गुजरात के गांधीनगर में मौजूद आईएफएससी को सरकार वित्तीय क्षेत्र के लिए कर-तटस्थ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। पहले, टीडीएस से छूट जहाजों एवं विमानों को पट्टे पर देने जैसे कुछ भुगतानों तक ही सीमित थी। लेकिन नई अधिसूचना ने इसके दायरे को व्यापक बना दिया है। अब आईएफएससी में स्थापित वित्त कंपनियों, बैंकिंग इकाइयों को बाह्य उधारी पर ब्याज, पेशेवर शुल्क, रेफरल शुल्क, लाभांश आय जैसे विभिन्न भुगतान इसके दायरे में आ गए हैं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत आईएफएससी इकाई द्वारा भुगतानकर्ता को फॉर्म नंबर एक पेश करना होगा जिसके बाद भुगतानकर्ता टीडीएस नहीं काटेगा। भुगतानकर्ता को टीडीएस विवरण में ऐसे सभी भुगतानों का विवरण भी प्रस्तुत करना होगा।

## भारतीय कंपनियों के निदेशक मंडल में महिलाओं की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय कंपनियों के निदेशक मंडल में पिछले पांच वर्षों के दौरान महिलाओं की संख्या धीरे-धीरे बढ़ी है। डेलॉयट ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में बताया कि 2023 में कंपनियों के बोर्ड में उनकी हिस्सेदारी 18.3 प्रतिशत थी। 'निदेशक मंडल में महिलाएं: एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि यह आंकड़ा वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत से कम है।

डेलॉयट ने अपनी इस रिपोर्ट के लिए 50 देशों की 18,000 से अधिक कंपनियों का विश्लेषण किया गया। इसमें भारत की 400 कंपनियां शामिल हैं। डेलॉयट दक्षिण एशिया की चेयरपर्सन शेफाली गोराडिया ने कहा, ''निदेशक मंडल की विविधता में एक आदर्श बदलाव जरूरी है। चूंकि कई कंपनियां सीईओ या सीएफओ का अनुभव वालों को बोर्ड में शामिल करना चाहती हैं, इसलिए ये आंकड़े भविष्य के लिए आशावादी नजरिए को नहीं दर्शाते हैं। भारतीय कंपनियों को ऐतिहासिक रुझानों को तोड़ना चाहिए और पिछली भूमिकाओं के मुकाबले क्षमताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।'

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय उद्योग जगत में महिलाओं की बोर्ड में हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है।

वर्ष 2023 में निदेशक मंडल में 18.3 प्रतिशत महिलाएं थीं, जबकि यह आंकड़ा 2018 में 13.8 प्रतिशत और 2021 में 17.1 प्रतिशत था।

### आईटी उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय आईटी उद्योग में शुरुआती और मध्य स्तर के कार्यबल में अब अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ लैंगिक विविधता में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज हस्तियों के अनुसार हालांकि शीर्ष स्तर और पुरुष प्रधान कॉरपोरेट निदेशक मंडलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है और इस दिशा में बहुत काम करने की ज़रूरत है। विशेषज्ञों ने कहा कि अगर कोई संगठन लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम नहीं करता है तो उसके लंबे व्यावसायिक जीवन काल की संभावना नहीं है। इनवो8 कोवर्किंग के संस्थापक रितेश मलिक ने कहा, 'महिलाओं की शिक्षा के लिहाज से भारत का प्रदर्शन बुरा नहीं है। आज हमारे देश में 29.5 प्रतिशत इंजीनियर महिलाएं हैं, जो ऑस्ट्रेलिया (14.5 प्रतिशत) और ब्रिटेन (16.9 प्रतिशत) जैसे देशों की तुलना में बहुत अधिक है।'' बिड़लासॉफ्ट की सीएफओ कामिनी शाह का मानना है कि भारतीय आईटी उद्योग ने लैंगिक विविधता में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है और 20 लाख से अधिक महिलाएं अब कार्यबल में योगदान दे रही हैं।

## टीम इंडिया ने बनाए आठ विकेट पर 473 रन, 255 रनों की बढ़त ली

# रोहित व गिल के शतक से भारत मजबूत

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रनों की शतकीय पारी के बाद सरफराज खान तथा देवदत्त पड़क्किल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 473 का स्कोर बनाते हुए 255 रनों की बढ़त के साथ मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

कप्तान रोहित शर्मा 103 रन और शुभमन गिल 110 रन बनाकर आउट हुये है। सरफराज नाबाद 56 रन और देवदत्त 65 रन, रवींद्र जाडेजा 15 रन, ध्रुव जुरेल 15 रन रन बनाकर आउट हुये। सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया है। आर अश्विन अपना खाता भी नहीं खोल सके। भारत ने कल के एक विकेट पर 135 रनों से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के पहले सत्र में रोहित और शुभमन ने 150 रनों से अधिक की साझेदारी करते हुए 246 रन बना लिये। इस सत्र 30 ओवर में भारत ने 129 रन बनाये। इस दौरान रोहित और गिल ने अपने-अपने शतक पूरे किये। रोहित ने 162 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से 103 रन बनाये। वहीं गिल ने 150 गेंदो में 12 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 110 रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय कुलदीप यादव नाबाद 27 और जसप्रीत बुमराह नाबाद 19 रन बनाकर क्रीज पर है और भारत की बढ़त 255 रन हो गई है। लंच के ठीक बाद बेन स्टोक्स गेंदबाजी के लिए आए और इस सीरीज की अपनी पहली गेंद पर हिटमैन को क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके अगले ही ओवर में जेम्स एंडरसन ने शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने 150 गेंद में 110 रन की पारी खेली।



### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी 218 रन

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टंप फोक्स बो. बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बोल्ड स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बोल्ड एंडरसन | 110 | 150 | 12/5 |
| देवदत्त पड़िक्कल बोल्ड बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान कै. रूट बो. बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रवींद्र जडेजा पगबाधा हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल कै. डकेट बो. बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रवि अश्विन बोल्ड हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 06, **कुल:** 120 ओवर में आठ विकेट पर 473 रन, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 14-1-59-1, मार्क वुड 15-1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 44-5-170-4, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0,

### रोहित-शुभमन 2021 से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शानदार शतक लगाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी निभाई और भारत को इंग्लैंड पर आसानी से बढ़त हासिल करने में मदद की। इन पारियों से रोहित और शुभमन ने कई रिकॉर्ड भी बनाए। साल 2021 से लेकर अब तक टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में रोहित और शुभमन शीर्ष पर हैं। रोहित ने इस दौरान छह और शुभमन ने चार शतक लगाए हैं। इसके बाद रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और केएल राहुल हैं। इन सभी ने तीन-तीन शतक लगाए हैं।

### 2021 से लेकर अब तक भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट शतक

| | |
|---|---|
| 6 | रोहित शर्मा |
| 4 | शुभमन गिल |
| 3 | रवींद्र जडेजा |
| 3 | यशस्वी जयसवाल |
| 3 | ऋषभ पंत |
| 3 | केएल राहुल |

### इंग्लैंड की ओर से बशीर ने लिए चार विकेट

शोएब बशीर को चार विकेट मिले। हार्टली ने दो विकेट लिये। जेम्स एंडरसन, बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 218 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने तेजी से रन बटोरते हुए कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 104 जोड़े। जायसवाल ने 58 गेंदों में 57 रन बनाये। उन्हें स्पिनर शोएब बशीर ने आउट किया। इंग्लैंड की पूरी टीम पहली पारी में 57.4 ओवर में 218 रन पर सिमट गई थी। भारत की ओर से कुलदीप यादव को पांच विकेट मिले। आर अश्विन ने चार विकेट लिये।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेटा



## दूसरा टेस्ट पहला दिन: हेजलवुड ने झटके पांच विकेट

**क्राइस्टचर्च।** ऑस्ट्रेलिया जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 124 रन बना लिये है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 84 रन अपने पांच विकेट गंवा दिये। हेजलवुड ने सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम 38 रन, विल यंग 14 रन बनाये और उन्होंने मिचेल स्टार्क ने आउट किया। केन विलियम्स 17 रन, राचिन रवींद्रन चार रन और डेरिल मिशेल चार रन को पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्लंडेल 22 रन, ग्लेन फिलिप्स दो रन, मैट हेनरी 29 रन, कप्तान टिम साउदी 26 रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.2 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया जोश हेजलवुड को पांच विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। पेट कमिंस और कैमरुन ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। स्टीवन स्मिथ 11 रन, उस्मान ख्वाजा 16 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद ट्रेविस हेड 21 रन, कैमरुन ग्रीन 25 बनाकर पवेलियन लौट गये। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 124 रन बना लिये है। मार्नस लाबुशेन नाबाद 45 रन बनाकर और नाथन लियोन नाबाद एक रन पर क्रीज पर है। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने तीन विकेट लिये और बेन सियर्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 35 रनों से हराया

### गुरबाज की शतकीय पारी, फारूकी ने लिए चार विकेट

**शारजाह।** रहमनुल्लाह गुरबाज की 121 रनों की शतकीय पारी और उसके बाद फजलहक फारूकी के चार विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 35 रनों से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह की 121 रनों की शतकीय पारी, इसके बाद इब्राहिम जदरान 60 रन, कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 310 का स्कोर खड़ा किया था। मोहम्मद नबी ने 40 रन और अजमतउल्लाह उमरजई ने 19 बनाये थे। आयरलैंड की ओर से थियो वान वोर्कोम ने तीन विकेट लिये। जवाब में 311 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम ने 50 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 275 रन ही बना सकी और मैच 35 रनों से हार गई। आयरलैंड के लिए लोर्कन टुके ने 85 रन बनाये। हैरी टेक्टर ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 138 रनों की शतकीय पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आयरलैंड का और कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सका। रहमानुल्लाह गुरबाज मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारुखी ने 4 विकेट लिए।

# निशांत देव प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

### वर्ल्ड ओलंपिक बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट




**बुस्टो अर्सिजियो।** विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता निशांत देव ने शुक्रवार को पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहले वर्ल्ड बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में जॉर्जिया के एस्करखान मैडिएव पर क्लिनिकल जीत के साथ राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। शुक्रवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में भारतीय मुक्केबाज देव ने राउंड ऑफ 32 में टोक्यो ओलंपियन एस्करखान मैडिएव को 5-0 से शिकस्त दी। राउंड ऑफ 64 में, देव ने राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के लुईस रिचर्डसन को 3-1 से स्पिलिट निर्णय से हरा दिया था। निशांत देव अब रविवार को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में स्पर्धा करेंगे।बुस्टो अर्सिजियो मीट में कुल नौ भारतीय मुक्केबाजों ने भाग लिया, जिनमें से सिर्फ निशांत देव और विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन ही प्रतियोगिता में बने हुए हैं। हुसामुद्दीन को पुरुषों के 57 किग्रा के पहले राउंड में बाई मिला था और अब वह राउंड ऑफ 32 में मौजूदा सीडब्ल्यूजी चैंपियन आयरलैंड के जूड गैलाघेर के खिलाफ अपना मुकाबला खेलेंगे।

## सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी फाइनल में



**भोपाल।** स्थानीय बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर खेली जा रही तीसरी सैय्यद शकील मोहम्मद क्रिकेट प्रतियोगिता में सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने रेलवे को 86 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने परवेज उल्लाह के शानदार 32 गेंद पर 9 चौकों और चार छक्के की वजह से शानदार 72 रन तथा समीर कुरेशी के 29 तथा अंबर हसन के 32 रनों के सहारे 216 रनों का लक्ष्य रखा। रेलवे की तरफ से संस्कार ने तीन विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी खेलते हुए रेलवे की टीम 130 रन बना पाई। अभिषेक ने 37 रनों का योगदान दिया। अनुराग ने 42 रन बनाए, सलमान ने तथा जीशान ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इस तरह सेंट माइकल ने रेलवे अकादमी को 86 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला उड़ान से होगा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार परवेज उल्ला को सीनियर क्रिकेटर अब्दुल अकील द्वारा दिया गया। इस मौके पर सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के ओनर सैयद अवान शकील तथा सैयद अयान शकील मौजूद रहे।

## मास्टर एकादश ने एसबी को 37 रन से हराया



**भोपाल।** पांचवी स्व. एनके राई स्मृति टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मैच में मास्टर एकादश ने एसबी को 37 रन और पोस्टल ने सदय एकादश को 10 विकेट से पराजित किया। पोस्टल और सदय एकादश के मध्य खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सदय एकादश ने 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 114 रन बनाए। आरएस ठाकुर ने 40 रन, मयंक राज 20 बनाए। मनोज शेट्टी ने 5 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए पोस्टल ने अभिषेक भंडारी 96 महेंद्र 15 रनों से मात्र 7 ओवर में जीत दर्ज की। अभिषेक भंडारी मैन ऑफ द मैच रहे। एक अन्य मैच में मास्टर एकादश ने पहले खेलते हुए विकास यादव 52 रन, नरेंद्र 37 रन, प्रदीप भार्गव ने 34 रनों के योगदान से 5 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में एस बी 136 रन ही बना सकी। नरेंद्र रायकवार को मैन ऑफद मैच चुना गया।

## रुपेश अहिरवार, ग्रेस सिंह व शालिनी क्वार्टरफाइनल में



**भोपाल।** मप्र के रुपेश अहिरवार ने 45 वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और शिमला के विकास सूद को थोड़ा संघर्ष के बाद 30-23 से पराजित कर अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने युगल में राजीव पाण्डेय के साथ चतुर्भुज नाइक-जीतेन्द्र मिश्रा की जोड़ी को 30-28 से पराजित किया। अपना एकल मुकाबला हारने के बाद डॉ रजनीश मारण ने नम्रता के साथ मिलकर मिश्रित युगल 45 वर्ग में केरल की जोड़ी को 30-26 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला युगल 40 वर्ग में डॉ ग्रेस सिंह-अजीत कुमारी विवि दीपा दुआ-नीतू विनायक 30-20 से और महिला युगल 40 वर्ग में डॉ शालिनी यादव-नीलम विवि रश्मि-स्वाति को 30-6 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल 55 वर्ग में डॉ पीबी रेड्डी को वर्ल्ड नं. 1 दिल्ली के राजीव शर्मा के हाथों 27-30 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल 55 वर्ग में डॉ पीबी रेड्डी-डॉ पियूष भटनागर विवि प्रदीप-विनोद कुमार आरएसबी चेन्नई को 30-2 से हरा दिया।

# फ्रेंच ओपन में पीवी सिंधु की हार

### सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को फ्रेंच ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल के क्वार्टरफाइनल के करीबी मुकाबले में चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई से हार का सामना करना पड़ा है। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जोड़ी युगल मुकाबले के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सिंधु ने पहला गेम 24-22 से जीता।

अगले दो गेम में उन्हें 17-21 और 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चेन युफेई ने सेमीफाइनल में पहुंच गई और उन्हें झांग यिमान और अकाने यामागुची के बीच विजेता से उनका मुकाबला होगा। 28 वर्षीय सिंधु ने शुक्रवार को अपना मैच हारने के बाद कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात मानसिक और शारीरिक रूप से शत प्रतिशत रहना और चोट-मुक्त रहना है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने वापसी की और



अच्छा प्रदर्शन कर रही हूं और मुझे लगता है कि कुल मिलाकर टूर्नामेंट मेरे लिए अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में ओलंपिक के दौरान यहां फिर से खेलने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच, पुरुष युगल मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर 1 भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के 32वीं रैंकिंग वाले सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन पर 21-19, 21-13 से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन कोरिया गणराज्य के कांग मिन-युक और सेओ सेउंग जे की जोड़ी से मुकाबला करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य सेन दिन के आखिर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ पुरुष एकल वर्ग में मुकाबले करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल में चेन किंगचेन और जिया यिफान से भिड़ेंगी।

# गतका में फतिन सिंह प्रथम



**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन एलएनसीटी विश्वविद्यालय कोलार रोड भोपाल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ एनके थापक वाइस चांसलर, डॉ अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ सुनील सिंह ओएसडी एलएनसीटी ग्रुप, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, आरके शर्मा द्वारा किया गया। इस ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका प्रतियोगिता में भारतवर्ष के विभिन्न 31 विश्वविद्यालय के 400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सिंगल सोटी इंडिविजुअल फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी फतिन सिंह प्रथम, पंजाब यूनिवर्सिटी पटियाला अमन द्वितीय, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी श्रेय सिंह एवं टीएनपीईएस यूनिवर्सिटी तमिलनाडु दिनेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फेरी सोटी इंडिविजुअल फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के यसप्रीत सिंह प्रथम, एसजीजीएसडब्ल्यू यूनिवर्सिटी के जगप्रीत सिंह, द्वितीय एवं सुरेश विहार यूनिवर्सिटी के कर्मवीर एवं यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा यशमीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## अब्दुसत्तारोव ने जीता शतरंज खिताब

**प्राग चेक गणराज्य।** प्राग मास्टर्स शतरंज 2024 का खिताब आखिरकार उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक ने अपने नाम कर लिया है। अब्दुसत्तारोव ने अंतिम राउंड में रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट के खिलाफ आसानी से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। उनकी यह जीत कितनी बड़ी रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्होंने 5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानन्दा, ईरान के परहम मघसूदलू और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से कुल 1.5 अंक ज्यादा बनाए। अब्दुसत्तारोव नें 9 राउंड के बाद 2873 रेटिंग के प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 15 अंक जोड़ते हुए लाइव रेटिंग में 2765 अंक हासिल करते हुए विश्व रैंकिंग में चौंथा स्थान हासिल कर लिया है और फिलहाल 19 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने खेल जीवन की सर्वोच्च रैंकिंग पर है। अंतिम राउंड में भारत के प्रज्ञानन्दा ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा से ए डी गुकेश ने ईरान के परहम मघसूदलू से और विदित गुजराती ने और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से ड्रॉ खेला ।

## गोवा और सर्विसेज के बीच होगा संतोष ट्रॉफी का फाइनल

**ईटानगर।** गोवा की टीम ने मणिपुर को तथा सर्विसेज ने मिजोरम को हराकर संतोष ट्रॉफी के लिए 77वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल मुकाबला गोवा और सर्विसेज के बीच खेला जायेगा। गोवा ने अतिरिक्त समय में मणिपुर को 2-1 से हराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। नगांगबाम पाचा सिंह ने 18वें मिनट में गोल दागकर मणिपुर को बढ़त दिलाई। वहीं नेसियो मारिस्टो फर्नांडिस 96वें, और 116वें मिनट में दो बार गोल करके गोवा को फाइनल में पहुंचाया। अन्य मुकाबले में सर्विसेज की टीम मिजोरम को हराकर फाइनल में पहुंची।

# भोपाल डिवीजन ने जबलपुर को हराया

### परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी अंडर-22 बॉयज में भोपाल डिवीजन और जबलपुर डिवीजन के बीच इंदौर के जिमखाना मैदान पर मैच खेला गया। भोपाल डिवीजन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए 86.3 ओवरों में 404 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। अनिकेत वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 24 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 189 गेंद में 207 रनों की अविस्मरणीय पारी खेली एवं विकास शर्मा ने कप्तानी पारी खेलते हुए 100 रनों की शतकीय पारी खेली। जबलपुर डिवीजन से गेंदबाजी में अमित राजपूत ने 5 विकेट, आदित्य मिश्रा ने 3 विकेट लिए। जवाब में जबलपुर डिवीजन ने बल्लेबाजी करते हुए 27.5 ओवरों में 90 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। अथर्व यादव 29 रन, अजनक्य 12 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में पृथ्वीराज सिंह तोमर ने बेहतरीन गेंदबाजी से 5 विकेट, प्रियांशु शुक्ला 2 विकेट लिए। जबलपुर डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवरों में 141 रन बनाकर पूरी टीम आलआउट हो गई अजनकय मूले 52 रन, जतिन विश्वकर्मा 27 रन का योगदान दिया। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी करते हुए युवराज नेमा ने बेहतरीन गेंदबाजी से 5 विकेट, शिवांश चतुर्वेदी एवं तनिष्क यादव ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने डिवीजन को पारी और 173 रनों से हराया। मैच का मैन ऑफ द मैच भोपाल डिवीजन के अनिकेत वर्मा को दिया गया।



## दीप्ति के 59 रन और चार विकेट के बदौलत दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराया

# दीप्ति शर्मा के दम पर यूपी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली।** यूपी वॉरियर्स ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन और आखिरी ओवर में ग्रेस हैरिस की घातक गेंदबाजी के बदौलत शुक्रवार को खेले गये विमेंस प्रीमियर लीग के 15वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया है। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे ओवर में ठाकोर ने शेफाली वर्मा को 15 रन पर बोल्ड आउट कर दिल्ली को पहला झटका दिया। इसके बाद ऐलिस कैप्सी भी 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। जेमिमा रॉड्रिग्स 17 रन, ऐनाबेल सदरलैंड छह रन, अरुंधति रेड्डी शून्य और शिखा पांडे चार बनाकर आउट हुई। मेग लानिंग की 46 गेंदों में 60 रनों की पारी के दम पर एक समय दिल्ली कैपिटल्स के सात विकेट पर 128 रन बना लिये थे और जीत के करीब थी, लेकिन उसके बाद हैरिस ने राधा यादव को नौ रन पर बोल्ड कर दिल्ली के जबड़े से जीत को छीन लिया। दिल्ली की टीम 19.5 ओवर में 137 रन पर सिमट गई।



यूपी वॉरियर्स की ओर से दीप्ति शर्मा को चार विकेट मिले। इससे पहले दीप्ति शर्मा की 59 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर यूपी वॉरियर्स महिला ने दिल्ली कैपिटल्स महिला को जीत के लिये 139 रनों का लक्ष्य दिया था।

### आखिरी ओवर में हैरिस के कमाल से पलटी बाजी

दिल्ली की टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 10 रन बनाने थे। पहली गेंद पर सिक्स लगा और फिर अगली गेंद पर डबल आया। अब दिल्ली को चार गेंद में जीत के लिए सिर्फ दो रन बनाने थे और उसके तीन विकेट शेष थे। ऐसा लग रहा था कि दिल्ली यह मैच जीत गई, लेकिन ग्रेस हैरिस ने कमाल ही कर दिया। अगली तीन गेंदों में दिल्ली ने तीन विकेट खोए और पूरी टीम 137 रन पर सिमट गई। इस तरह यूपी ने एक रन से बाजी मार ली।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मोस्ट अवेटेड सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन 2 की रिलीज़ डेट आई सामने



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड इंडस्ट्री की कई ऐसी सीरीज हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इनमें से एक सीरीज का नाम हाउस ऑफ द ड्रैगन है। हाल ही में मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट सोशल मीडिया पर जारी की है, जिससे सभी फैंस के दिलों को शांति मिली है। गेम ऑफ थ्रोन्स की स्पिन-ऑफ सीरीज के दूसरे सीजन हाउस ऑफ द ड्रैगन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने रिलीज डेट के बारे में हिंट देते हुए बताया कि फिल्म की स्क्रीनिंग इसी साल जून 2024 में हो सकती है, जिसके लिए फैंस को तैयार रहना चाहिए। सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए कहा गया है कि दूसरा सीज़न जून 2024 में रिलीज़ किया जाएगा और यह एचबीओ पर आएगा। हालांकि पूरी तारीख की घोषणा नहीं की गई है लेकिन यह बेहद खुशी की बात है। स्टूडियो बॉस जेबी पेरेटे ने मॉर्गन स्टेनली सम्मेलन में एक साक्षात्कार के दौरान यह घोषणा की। इसके साथ ही हाउस ऑफ द ड्रैगन के पहले सीज़न में 10 एपिसोड थे, जो दर्शकों को आकर्षित करने में असफल रहे। अब मेकर्स ने फैसला किया है कि दूसरे सीजन में सिर्फ 8 एपिसोड ही लॉन्च किए जाएंगे।

## टॉलीवुड

### कल्की 2898 एडी की ज्यादातर शूटिंग पूरी, 9 मई को होगी रिलीज



**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास के खाते में इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग में बिजी हैं। इसके बाद वह संदीप रेड्डी वांगा के साथ 'स्पिरिट' पर काम शुरू करेंगे। 'सालार 2' की स्क्रिप्ट भी पूरी तरह से तैयार है। ये फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन फेज में है। प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी नजर आ रहे हैं। खैर, फिल्म की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है। इसी बीच एक बड़ा अपडेट मिला है। हाल ही में खुलासा हुआ था कि इस तस्वीर में प्रभास के साथ दिशा पटानी भी नजर आएंगी। 'कल्कि 2898 एडी' का निर्देशन नाग अश्विन कर रहे हैं। हाल ही में पूरी टीम के साथ एक तस्वीर भी शेयर की थी। इसमें प्रभास, नाग अश्विन और दिशा पाटनी समेत कई लोग नजर आए। 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई को रिलीज होने जा रही है। ऐसे में इसकी शूटिंग समय पर पूरी करने के लिए पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है। हाल ही में कहा जा रहा था कि साथ में डबिंग भी चल रही है। शूटिंग के साथ-साथ पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी चल रहा है। हालिया जानकारी के मुताबिक, पिक्चर की ज्यादातर शूटिंग हो चुकी है। बस कुछ ही गाने शूट होने बाकी हैं। दीपिका पादुकोण इस टीम के साथ इटली नहीं गई हैं।

## भोजपुरी

### जानू रंगवा डाले आईबः अरविंद-शिवानी का होली गाना रिलीज



**पटना।** भोजपुरी युवा दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू और इंडस्ट्री की न्यू वॉइस सेंसेशन शिवानी सिंह का होली स्पेशल सॉन्ग जानू रंगवा डाले आईब कल्लू म्यूजिक वर्ल्ड से रिलीज हो गया है। होली स्पेशल इस गाने में एक बार फिर से कल्लू शिवानी सिंह की वॉइस केमिस्ट्री लोगों के मन मस्तिष्क पर छा रही है। इस वजह से गाना रिलीज के साथ ही जमकर वायरल होना शुरू हो गया है।बता दें कि इस गाने के गीतकार आशुतोष तिवारी और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। इस गाने के वीडियो डायरेक्टर लकी विश्वकर्मा है। कोरियोग्राफर प्रेम शर्मा है और पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। जानू रंगवा डाले आईब गाने का म्यूजिक वीडियो भी दमदार है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में कल्लू पारुल यादव के साथ नजर आए हैं। गाने को लेकर कल्लू ने बताया कि लोगों पर होली की खुमारी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है इसलिए हमने उनकी इस खुमारी को बढ़ाने के लिए अपना यह बेहद खूबसूरत गाना रिलीज किया है। यह गाना लोकगीत के अंदाज में एक रोमांस का अक्स भी रखता है, जिससे युवाओं में यह बेहद पसंद आ रह है। वही गाने को लेकर शिवानी सिंह ने भी अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि ऑडियंस के प्यार और आशीर्वाद से हम एक से बढ़कर एक गाना लाने को प्रेरित होते हैं और मुझे खुशी है कि मेरे इस गाने को भी लोगों ने सराहा है।

लाइफ स्टाइल

### ब्लैक ड्रैस में फिगर फ्लॉन्ट



*भोजपुरी एक्ट्रेस प्रियंका पंडित सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब उन्होंने ब्लैक कलर की ड्रैस में फोटो इंस्टाग्राम पर साझा की है। इसमें वो फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। प्रियंका इसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रैस पहनी हुई है। इसमें वो गजब का फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं, जिसे देख फैंस फिदा हो गए हैं। बता दें कि प्रियंका खेसारी लाल यादव, पवन सिंह , प्रदीप पांडे चिंटू जैसे स्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया है। इसके साथ ही एक्ट्रेस का एमएमएस लीक हो चुका है। अब वो कुछ समय से फिल्मों से दूर हैं मगर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 7 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं।*

### पार्टी में जाने के लिए ब्वॉयज ऐसे हो तैयार, हर कोई मुड़कर देखेगा जरूर







जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां कई दिन पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। लड़कियों के आउटफिट हों या ज्वेलरी, हर चीज बेहद खास होती है। ग्लोइंग स्किन के लिए लड़कियां पार्टी से कई दिन पहले जूलरी और आउटफिट के साथ-साथ स्किन केयर भी करती हैं। इससे उनकी त्वचा चमकदार बनी रहती है। वहीं, अगर लड़कों की बात करें तो उन्हें लगता है कि अगर वे सिर्फ अच्छे कपड़े पहनकर और सही हेयरस्टाइल बनाकर किसी पार्टी में जाएंगे तो हर कोई उन्हें ही देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। किसी पार्टी में जाने के लिए अच्छे कपड़े, जूते और हेयर स्टाइल होना ही काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। किसी पार्टी में जाने से पहले आपको कुछ टिप्स भी अपनाने चाहिए, जिससे वहां मौजूद सभी लोगों की नजरें आप पर ही टिकी रहें। आप अपने बदले हुए लुक से भी लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**कटिंग करके करें हेयर सेट**

पार्टी में जाने से करीब तीन-चार दिन पहले अपने बाल कटवा लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई भी प्रयोग करने से बचें। अपने बालों को ठीक से सेट करें और ऐसे ही छोड़ दें। ताकि पार्टी वाले दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

**त्वचा को एक्सफोलिएट**

किसी पार्टी में जाने से एक दिन पहले अपनी त्वचा को अच्छे से एक्सफोलिएट जरूर कर लें। इससे डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा चमकने लगता है।

**मॉइश्चराइजर जरूरी है**

तैयार होने से पहले अपनी त्वचा पर मॉइस्चराइज़र का प्रयोग अवश्य करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी दिखेगी।

**शीट मास्क का प्रयोग करें**

पार्टी के दिन, पार्टी से कुछ घंटे पहले शीट मास्क का उपयोग अवश्य करें। इससे आपके चेहरे की थकान कम हो जाएगी और चेहरे पर चमक आ जाएगी।

## लिपस्टिक की 7 ट्रिक्स, फंक्शन में मचा देंगी तहलका, होंठ देखकर हर कोई पूछेगा राज

लिपस्टिक एक ब्यूटी प्रोडक्ट है, जिसे महिलाएं हमेशा लगाना पसंद करती हैं। कई बार लड़कियां सारा मेकअप छोड़कर सिर्फ काजल और लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं। लिपस्टिक या लिप ग्लॉस एक ऐसी चीज है, जिसे लगाने से चेहरे की चमक कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन अगर लिपस्टिक ठीक से नहीं लगाई गई है या आपने ऐसा शेड चुना है, जो आपकी ड्रेस और त्वचा के रंग के साथ मेल नहीं खाता है, तो इससे आपके चेहरे की पूरी चमक भी खराब हो जाती है।

### होठों को मॉइस्चराइज़ करें

जब भी आप लिपस्टिक लगाएं तो अपने होठों को इसके लिए तैयार जरूर कर लें। यानि कि अपने होठों को मॉइश्चराइज जरूर करें। इसके लिए होठों पर लिपस्टिक लगाने से पहले वैसलीन लगाएं और टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। इससे आपके होठों की मृत त्वचा निकल जाएगी और अब जब आप लिपस्टिक लगाएंगी तो आपकी लिपस्टिक बेहद खूबसूरत लगेगी।



### डार्क लिप्स कंसीलर

अक्सर हमारे होठों का रंग एक-दूसरे से कभी मेल नहीं खाता। अक्सर एक या दोनों होंठ काले होते हैं। होठों के काले होने से लिपस्टिक कभी भी अच्छी नहीं लगती। इसलिए लिपस्टिक लगाने से पहले हमेशा होठों पर कंसीलर जरूर लगाएं। इसके बाद जब आप लिपस्टिक लगाएंगी तो उसका रंग अलग होगा।

### लिप लाइनर का प्रयोग करें

आजकल हम लिपस्टिक सीधे लगाते हैं और लिप लाइनर का इस्तेमाल नहीं करते। लेकिन लिपस्टिक के साथ आप कितनी भी कोशिश कर लें, होठों के किनारों पर फिनिशिंग कभी नहीं आती। इसलिए लिप लाइनर का इस्तेमाल जरूर करें। लिप लाइनर हमेशा एक शेड गहरा या अपने लिप कलर के समान शेड का चुनें।

### अहस्तांतरणीय बनाना

जरूरी नहीं कि आप हर बार मैट लिपस्टिक ही लगाएं। अपनी पसंद की लिपस्टिक लगाने के बाद एक पतला टिश्यू पेपर रखें और लूज पाउंडर लगाएं।

### ओम्ब्रे प्रभाव

आजकल यह स्टाइल काफी चलन में है लेकिन अक्सर ऐसा प्रभाव तभी मिलता है जब इसे पार्लर में तैयार किया गया हो। लेकिन आप इसे घर पर ही प्राप्त कर सकते हैं। आपको बस अपनी लिपस्टिक से एक शेड हल्की लिपस्टिक लेनी है और इसे अपने होठों के बीच में लगाना है।

### भरे हुए होंठ बनाएं

अपने होठों को बड़ा दिखाने के लिए कई लोग सर्जरी या इंजेक्शन का भी सहारा लेते हैं। लेकिन आप थोड़े से मेकअप हैक से यह स्टाइल पा सकती हैं। इसके लिए हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि लिपस्टिक लगाते समय अपने होठों के ऊपर क्यूबिक बोन एरिया के थोड़ा बाहर की ओर लिपस्टिक लगाएं।

## बनाना चाहती हैं फॉर्मल लुक को स्टाइलिश तो जाने यह टिप्स



वो कहते हैं ना कपड़े हमेशा जगह के हिसाब से ही होना चाहिए क्योंकि आपके कपड़े ही आपकी पर्सनेलिटी दर्शाते हैं। अगर आप जगह के हिसाब से कपड़े नहीं पहनेंगे तो आपका आत्मविश्वास भी डगमगाने लगेगा। चाहे घर में कोई कार्यक्रम हो या फिर ऑफिस की मीटिंग, आप दोनों जगह एक जैसे आउटफिट नहीं पहन सकते। अगर आप दफ्तर में स्ट्रॉन्ग और कॉन्फिडेंट के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखना चाहती हैं, तो आपके लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

**ब्लेजर की फिटिंग का रखें ध्यान**

अगर आप किसी बिजनेस मीटिंग के लिए जा रही हैं तो ब्लेजर जरूर पहनें। ब्लेजर पहनते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि इसका साइज एकदम परफेक्ट हो। अगर ये ढीला होगा तो देखने में अच्छा नहीं रहेगा, वहीं अगर ये टाइट होगा तो आप खुद ही असहज महसूस करेंगी।

**फॉर्मल लुक को स्टाइलिश बनाती है ड्रेस**

अगर आप फॉर्मल लुक में कुछ अलग सा ट्राई करना चाहती हैं तो ड्रेस कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। इस ड्रेस लुक को आप पम्प्स और टोट बैग के साथ पूरा कर सकती हैं।

**हेयर स्टाइल का रखें ध्यान**

लुक को कंप्लीट करने में आपकी हेयर स्टाइल का काफी अहम रोल होता है। आप किसी और को फॉलो करने की बजाए इस बात पर ध्यान दें कि आप पर कैसी हेयर स्टाइल अच्छी लगती है। अपने आउटफिट के हिसाब से इसे बदलती रहें।

**इन रंगों को दें प्राथमिकता**

अगर आप अपना लुक कुछ बदलना चाहती हैं तो चेंज के लिए पिंक और बैंगनी जैसे रंगों को भी ट्राई किया जा सकता है। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और ये ज्यादा ब्राइट भी नहीं होते।

## दिखना है चार्मिंग तो हाइट बढ़ाने के लिए करें ये आसान, दिखेगा असर

क्या आप अपनी हाइट बढ़ाना चाहते हैं? क्या आपने 18 साल की उम्र पार कर ली है और अपनी लंबाई बढ़ने की उम्मीद छोड़ दी है? चिंता न करें, आपकी लंबाई अभी भी बढ़ने की संभावना है। यह सच है कि ऊंचाई में ज्यादातर वृद्धि किशोरावस्था के दौरान होती है, लेकिन हड्डियों का विकास 25 साल की उम्र तक जारी रहता है। ऊंचाई बढ़ाने के लिए आप कुछ व्यायाम और जीवनशैली में बदलाव कर सकते हैं।

**लंबाई बढ़ाने के लिए व्यायाम**

**ताड़ासनः** खड़े हो जाएं और अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग रखें। अपने हाथ सीधे ऊपर उठाएं। गहरी सांसें लें और अपनी पीठ सीधी रखें। कुछ सेकंड इसी स्थिति में रहें और फिर सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।

**सूर्य नमस्कारः** सूर्यनमस्कार एक योगासन है जो पूरे शरीर को गतिशील बनाता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। नियमित रूप से सूर्यनमस्कार करने से लंबाई बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

**बैठे-बैठे हवा में उछलनाः** जमीन पर बैठ जाएं और अपने पैरों को सामने की ओर सीधा फैला लें।



अपने हाथों को अपनी तरफ रखें। अब हवा में ऊपर की ओर उछलें और पैरों को सीधा रखें। कुछ सेकंड के लिए इसी स्थिति में रहें और फिर वापस आ जाएं।

**रस्सी कूदनाः** रस्सी कूदना एक बेहतरीन कार्डियो एक्सरसाइज है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है और लंबाई बढ़ाने में मदद कर सकती है। रोजाना 10-15 मिनट रस्सी कूदना फायदेमंद हो सकता है।

**तैरनाः** तैराकी एक बेहतरीन व्यायाम है जो पूरे शरीर को गतिशील बनाता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। नियमित रूप से तैराकी करने से लंबाई बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

कार्नर न्यूज

### स्प्रे करने के बाद कंबल को थोड़ी देर के लिए धूप में डालें

## कितना भी गंदा हो कंबल, बिना पानी के चुटकियों में हो जाएगा साफ...

*सर्दियों में हम सभी कंबल का इस्तेमाल करते हैं। कम ठंड में हल्के तो तेज ठंड में मोटे और भारी कंबल गर्माहट देते हैं। रोजाना इनका उपयोग करके ये गंदे हो जाते हैं। खासतौर से कंबल हल्के रंग के हों, तो गंदगी बहुत जल्दी दिखाई देती है। साथ ही बैक्टीरिया की मौजूदगी से इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे हम बीमार भी पड़ सकते हैं। ऐसे में सवाल है कि इसे साफ कैसे करें।*

वैसे कंबल धोना कठिन लगता है। क्योंकि धोने के बाद ये बहुत भारी हो जाता है ऐसे में लोग या तो कंबल धोते ही नहीं या फिर ड्राई क्लीन के लिए भेजते हैं। यहां हम आपको कंबल धोने का एक ऐसी ट्रिक बता रहे हैं, जो बहुत आसान है और आपका पैसा भी बचाएगी। आइए जानते हैं मिनटों में गंदे और भारी कंबल कैसे धोएं।

### ऐसे धो सकते हैं कंबल

स्टेप-1- सबसे पहले कंबल को पूरा फैला लें।

स्टेप-2- अब मीठा सोडा लेकर पूरे कंबल पर छिड़क दें। इसके लिए आप छलनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। बता दें कि बेकिंग सोडा एक बहुत अच्छा क्लीनिंग एजेंट है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करने का काम करता है।



स्टेप-3- थोड़ी देर बाद कंबल को दोनों तरफ से ब्रश से रगड़ें।

स्टेप-4- इससे कंबल पर मौजूद बैक्टीरिया, मैल और धूल साफ हो जाएगी। कंबल भी नया जैसा दिखने लगेगा।

बदबू आए तो क्या करें

कई बार एक ही कंबल को कई लोग यूज कर लेते हैं। ऐसे में इनकी केयर न हो, तो कंबल में बदबू भी आने लगती है। इससे छुटकारा पाने के लिए एक स्प्रे बोतल में गुलाब जल लें और कंबल पर स्प्रे कर दें। चाहें तो इसमें सिरका भी मिला सकते हैं।

स्प्रे करने के बाद कंबल को थोड़ी देर के लिए धूप में डालें। अगर धूप नहीं आती, तो कुछ देर के लिए खुली हवा में रस्सी पर डाल दें। बिना मेहनत और बिना धोएं आपका कंबल बैक्टीरिया फ्री हो जाएगा।

कंबल को गीला करने पर पानी तो ज्यादा लगता ही है साथ ही यह भारी भी हो जाता है। इसका पानी निकालने के लिए एक या दो लोगों की मदद लेनी पड़ती है। सर्दियों में इतनी ज्यादा धूप भी नहीं आती और गीले कंबल को सूखने में समय लगता है। ऐसे में यहां बताई गई ट्रिक कभी फेल नहीं होगी।

# लोकसभा चुनाव से संबंधित प्रभारियों की ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 24 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु एवं निर्वाचन के सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी, अपर प्रभारी अधिकारियों एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थित मे समीक्षा बैठक संम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों तथा उनके कार्यो एंव दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें प्रेक्षक व्यवस्था, पोलिंग पर्सनल वेलफेयर व्यवस्था, शांति व्यवस्था, आचार संहिता अनुपालन, क्रिटीकल, वनेर्बुल बूथों की संख्या, कार्मिकों की नियुक्ति, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था, मतदान, मतगणना कार्मिक, माइक्रोआब्जर्वर व्यवस्था, सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा, निर्वाचन प्रबन्ध, टेन्ट व्यवस्था, नामांकन, पूर्वाभ्यास, पार्टी डिस्पैच एवं रिसप्शन तथा मतगणना व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, फोटोयुक्त विधानसभा एवं प्रशिक्षण, ई०वी०एम० मतपत्र व्यवस्था, वीडियो, डिजिटल, वेबकास्टिंग, कैमरा, सी.सी. कैमरा की व्यवस्था,निर्वाचन व्यय लेखा निर्वाचन लेखन सामग्री, प्रपत्र



निर्वाचक नामावलियों की तैयारी, वीडियो सर्विलांस, उड़नदस्ता, मानिटरिंग टीम के गठन एवं उनके कार्यों का पर्यवेक्षण, काल सेन्टर, कन्ट्रोल, डाक मतपत्र, ई०डी०सी०, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व्यवस्था व्यवस्था, प्रेस व मीडिया से सम्बन्धित व्यवस्था खानपान व्यवस्था, सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता, मतदाता साक्षरता क्लब दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित व्यवस्था, जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना ऑफलाइन, ऑनलाइन, रूटचार्ट, सेक्टर जोन सम्बन्धी कार्य, कम्युनिकेशन प्लान सम्बन्धी कार्य, निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त स्थानीय डाक वितरण व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश, दूरभाष, आई0टी0टी0 सूचना प्राप्ति एवं प्रेषण, एम0सी0एम0सी0 कन्ट्रोल रूम, मीडिया सेल एवं चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य चुनाव से सम्बन्धित कार्यो की क्रमवार समीक्षा की गयी। जिसमें बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लगने के उपरान्त कार्य की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पूरी अपेक्षित होगी, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि छोटे गाड़ियों एवं बसो के साथ भारी वाहनों की व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित कर लिया जाय। जितने भी बूथ बनाये गये है उसके आने जाने वाले रास्ते एवं कमरो की रंगाई पोताई के साथ दरवाजे की मरम्मत अवश्य करा ली जाय। उन्होने बताया कि लगभग 2936 बूथ निर्धारित किये गये है एवं 1622 पोलिग सेन्टर बनाये गये है इन स्थानो पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि दिब्यांगजन हेतु 1630 व्हील चेयर की व्यवस्था एवं दवाओं की किट की व्यवस्था प्रचुर मात्रा में कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी को निर्देशित किया की चुनाव प्रारम्भ होने से पहले समस्त आय व्यय एवं सामाग्री की टेन्डिरिग कर लिया जाय। छोटे बड़े कार्यो की सूची बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया जाय की इसमें प्रतिदिन की कोई भी कार्य छूटा तो नही है की चार्ट बना लिया जाय। भारत निवार्चन आयोग की गाईड लाईन एवं उनके प्रोफार्मो की गहन समीक्षा पहले से कर ली जाय। उन्होने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0, रा0 को टेडर कार्य एवं अधूरे कार्य को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश दिया। माडल बूथ एवं सेल्फी बूथ चिन्हित कर पूर्ण रूप से तैयारिया कर ली जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको चुनाव सम्बन्धित कार्य दिये गये है उनको समय से पूर्ण कर ले, आदर्श आचार संहिता लगने के उपरान्त टीम गठित कर पूरी सामाग्री की व्यवस्था कर ली जाय। समस्त पेट्रोल पम्प एवं चौहारो पर लगे बैनर व पोस्टर हटाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विज्ञान अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यालय से समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर हर महादेव के उदघोष के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव तथा महा भंडारा का हुआ आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अति प्राचीन शिव हनुमान मंदिर नयी बस्ती विशेश्वरगंज गाजीपुर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवाधिदेव बाबा भोलेनाथ का महारूद्राभिषेक किया गया तत्पश्चात भव्य श्रृंगार, हवन पूजन व भक्तजनों द्वारा महाआरती की गयी। आयोजन समिति द्वारा महाभंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें अधिक से अधिक भक्तजनों ने बाबा भोलेनाथ का दर्शन व भंडारे मे प्रसाद ग्रहण कर के पुण्य के भागी बने । मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए प्रातः से ही भक्तजनों की कतारबद्ध भारी भीड़ देखी गयी।



उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के दीना नाथ सिंह, अजीत नरायन लाल, पिंटू सिंह, रणधीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, नितिन आनंद, मनीष, अश्वनी सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, सोम सिंह, शौर्य, अंकित सिंह व मुहल्लेवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति के अजीत नरायन लाल, रणधीर सिंह ने आगंतुक भक्तजनों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## पत्रकारों के हित में लड़ाई लड़ने बृजमनगंज पत्रकार हुए एकजुट

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। बृजमनगंज नगर पंचायत के कोल्हुई तिराहे पर फरेंदा तहसील के पत्रकार राहुल पांडेय व रमेश यादव से फरेंदा पुलिस द्वारा मारपीट व अभद्रता किए जाने के विरोध में बृजमनगंज क्षेत्र के समस्त पत्रकारों ने एक बैठक कर पुलिसिया उत्पीड़न का विरोध कर चौकी प्रभारी व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। बैठक में पत्रकार विनय पाठक ने कहा कि पत्रकार सदैव जनहित में कार्य करता है। फरेंदा पुलिस द्वारा पत्रकार के साथ गलत व्यवहार किया गया। जो क्षम्य नही है। पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत है जब तक पत्रकार एकजुट नहीं होंगे तब तक उनका उत्पीड़न होता रहेगा। पत्रकारों से अभद्रता करने वाले चौकी प्रभारी



के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। युवा पत्रकार सौरभ जायसवाल व जगदंबा जायसवाल, शिवप्रकाश श्रीवास्तव, आशीष जायसवाल सहित लोगों ने एक मत से कहा कि चौकी इंचार्ज के विरुद्ध जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक विरोध जारी रहेगा। पत्रकारों के हित के लिए सभी पत्रकार एक जुट हो कर लड़ाई लड़ने को तैयार है। पत्रकार से अभद्रता करने वाले चौकी इंचार्ज को निलंबित किया जाए। सुबास यादव ने भी बैठक को संबोधित किया।इस अवसर पर रामउजागिर यादव, उमाशंकर उपाध्याय,वेद प्रकाश पूरी, प्रमोद गौंड,रवि यादव, शिवप्रकाश श्रीवास्तव, सौरभ जायसवाल, मनोज त्रिपाठी, गौरव जायसवाल, इरफान अहमद, नितिन कसौधन, राकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़, हर हर महादेव का होता रहा जयकारा

प्रखर वाराणसी। महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक को लेकर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। बड़ी संख्या में लोगो ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद अक्षत-चंदन व बिल्वपत्र आदि से पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा।प्रातः काल से ही मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। डीजे की धुन पर बज रहे शिव महिला व भक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद)




स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर, ठठरा गांव स्थित बृद्धेश्वर महादेव मंदिर पर, छतेरी गांव स्थित मानेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के दर्जनों मंदिरो सुबह से ही महिला-पुरुषों व बच्चों की भारी भीड़ लगी रही। वही छतेरी गांव स्थित शीतला माता मंदिर से शिव बारात निकाली गई जो पूरे क्षेत्र व गांव से होते हुए मानेश्वर मंदिर पर जाकर खत्म हुआ।ठठरा गांव में शाम को शिव बारात शिव भक्तों के द्वारा निकाला गया जो कछवांरोड चौराहे होते हुए ठठरा शिव मंदिर पर जाकर खत्म हुआ। वही गौर गांव में शिव बारात कई झांकियों के साथ शाम को निकाला गया जिसमें सैकड़ो की भीड़ जुटी रही लोग भगवान शिव के गानों पर नाचते झूमते रहे। सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया, कछवांरोड चौकी प्रभारी राजकुमार वर्मा, एसआई दिगम्बर उपाध्याय समेत अन्य पुलिसकर्मी क्षेत्र के मंदिरो समेत शिव बारात में भम्रण करते रहे।

## शिक्षा व्यवसाय नहीं समाज का दर्पण होता है : मुख्य अतिथि

प्रखर रामनगर वाराणसी। विद्यालय की स्थापना समाज सुधार के उद्देश्य से की जाती है। उक्त बातें मुख्य अतिथि सूर्यमणी त्रिपाठी ने विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल दरियापुर रामनगर के प्रथम शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा। विदित हो कि इस विद्यालय के शुभारंभ के अवसर पर शिक्षाविद, समाजसेवी सहित कई अन्य लोगों ने उपस्थित होकर संबोधन किया। विशिष्ट अतिथि मधुकर पांडेय ने बताया कि पं मदन मोहन मालवीय ने कहा था की किसी देश की कीमत संपत्ति सोना चांदी,हीरा जवाहरात नहीं बल्कि वहां की प्रशिक्षित जनशक्ति होती है। इन्ही उद्देश्य को पूर्ति करने के उद्देश्य से महान शिक्षाविद मालवीय जी ने काशी हिन्दु विश्वविद्यालय का स्थापना किया गया था। विद्यालय की संस्थापक नन्दराज पाण्डेय ने बताया की विद्यालय का संचालन का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए किया गया है। प्रधानाचार्य रंजिता मिश्रा ने बताया की इन्हीं उद्देश्य का पूर्ति करने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना किया गया है। लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के प्राचार्य ने संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं अपराधीकरण को समाप्त किया जा सकता है तथा शिक्षा से अंधविश्वास एवं व्याप्त अपराधीकरण से निजात मिल सकती है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता मधुकर पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह पिंटू,प्रमोद पांडेय, कामता पांडेय, गौरव पांडेय, पंजाबी महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मिथिलेश तिवारी, अश्विनी कुमार चौबे,भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष द्विवेदी,गौरव पांडेय, समाजसेवी आजाद दुबे, जितेंद्र यादव, राजू पटेल, अभिषेक पांडेय, मिथिलेश तिवारी, नंदलाल चौहान, सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।




## वेलफेयर क्लब ने किया महिला दिवस का आयोजन, मंच पर हुआ दिग्गजों का जमावड़ा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब के तत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बैजनाथ इण्टर कालेज रौजा के सभाकक्ष में किया गया । समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरिता अग्रवाल अध्यक्षा नगर पालिका परिषद गाजीपुर, डा0 बीती सिंह मां कवलपति हॉस्पिटल एवम मैटरनिटी सेंटर, डा0 पूजा श्रीवास्तव प्रधानाचार्या बैजनाथ इण्टर कालेज ने माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रीमती अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा महिलाएं हर क्षेत्र में आंधी तूफान की तरह आगे बढ़ रही हैं, महिलाएं कुछ भी ठान ली तो कोई रोक नहीं सकता है आज हम पायलट बन रहे हैं शिक्षिका बना रहे हैं चांद पर जा रहे हैं यहां तक की चंद्रयान-3 में महिलाओं की बहुत बड़ी साझेदारी रही है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान में शेर पढ़ कर सुनाई ना रोक सकेगा तुझको कोई गर तू हिम्मत कर लेगी, हर मंजिल मिल जाएगी जब तू निडर होकर चल देगी। विशिष्ट



अतिथि डा0 बीती सिंह ने कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण का होना बहुत जरूरी है जिसके लिए शारीरिक मानसिक तथा आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ानी होगी जब तक स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर नही देंगी तब तक सशक्त नही बन पाएंगी। भाजपा मीडिया प्रभारी शशि कांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में महिलाएं पुरुषों से 10 कदम आगे चल रही है। केन्द्र में पहली बार मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहला काम महिलाओं के सम्मान में पूरे देश भर में इज्जत घर के नाम से शौचालय बनवाकर सम्मान दिया गया। महिलाओं को स्वतंत्रता का अधिकार, आवास का अधिकार, राशन का अधिकार देकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम चलाकर नारी सम्मान बढ़ाया है। साथ ही लोक सभा विधान सभा में 33% सीट महिलाओ के लिए आरक्षित कर आगे आकर समाज के भलाई करने के लिए उन्हें मजबूती दी है । कार्यक्रम में क्लब महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती रिंकू यादव, उपाध्यक्ष सुषमा यादव तथा सचिव शहाना जहां ने स्कूल की प्रबंधक श्रीमती आशा मिश्रा को अंगवस्त्र देकर तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जबकि राज्य सभा सांसद डा0 संगीता बलवंत के प्रतिनिधि कुशाग्र तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह के प्रतिनिधि वेंकटेश जी को जनपद गवर्नर पवन पांडेय, पीआरओ सूर्य रेख मणि तथा संयुक्त सचिव राम नाथ कुशवाहा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सेंट जांस स्कूल की माया नायर तथा स्वाती ने एक से एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित महिलाओं तथा अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संजीव श्रीवास्तव ने किया जबकि आगंतुकों को धन्यवाद क्लब अध्यक्ष डा0 शरद कुमार वर्मा ने किया। स्कूल की छात्राए खुशी, अन्नू, श्रेयांशी, कायनात, इशरत आदि ने उपस्थित महिलाओं को मतदान अवश्य करने तथा कराने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं सहित क्लब उपाध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी, परीक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, डा० जितेन्द्र कुमार, अजय यादव, प्रमोद बिन्द आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में मिली सड़ी गली लाश



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धोड़घाट बेलनहवा चौराहा पास पवहिया नाला में शनिवार सुबह एक सड़ी गली लाश बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लाश की अभी तक पहचान नहीं हो सकी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिये लिया है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्यवाही में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार परगापुर पवहनाले में शनिवार को सुबह के समय एक सड़ी गली लाश की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर ग्रामीणों का हुजूम इकट्ठा होने लगा तथा सड़ी गड़ी लाश को देखकर पहचान करने लगे। लेकिन पता नहीं चल पाया कि आखिर लाश किसकी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर तिवारी फोर्स के साथ मौके पहुंच कर जाँच पड़ताल में जुट गए।शव काफी सड़ जाने के कारण शिनाख्त नहीं हो पा रहा है प्रथम दृष्टया ऐसे प्रतीत होता है कियह लाश लगभग कई हफ्ते पहले की है किसी ने मारकर फेका या कोई और मामला है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेन्दा अनिरुद्ध कुमार पहुंच कर स्थिति का जायजा लिए तथा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर समापन पर स्वयं सेवकों ने जल व पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानंद स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन समापन पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने पौधों को निराई गुणाई कर पानी से सिंचित किया तत्पश्चात गंगा किनारे सफाई अभियान चलाया । इस अवसर पर दूसरे सत्र में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 अवधेश नारायण राय ने अपने सम्बोधन में बताया कि पर्यावरण शब्द परि +आवरण के संयोग से बना है। 'परि' का आशय चारों ओर तथा 'आवरण' का आशय परिवेश है। दूसरे शब्दों में कहें तो पर्यावरण अर्थात वनस्पतियों, प्राणियों, और मानव जाति सहित सभी सजीवों और उनके साथ संबंधित भौतिक परिसर को पर्यावरण कहतें हैं वास्तव में पर्यावरण में वायु, जल, भूमि, पेड़-पौधे, जीव-जन्तु , मानव और उसकी विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता है। प्रो. अजय कुमार राय ने जल का महत्त्व बताते हुए उसे प्रकृति का निःशुल्क अनमोल उपहार कहा। इस अवसर पर डा0 विजय कुमार ओझा, डॉ0 जयशंकर राय, कार्यक्रम अधिकारी डा0 कृष्णकान्त दूबे, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

### नेपाली अभिनेत्री संग होली गाने की हुई शूटिंग



प्रखर महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज रेलवे स्टेशन पर डायरेक्टर अमित कश्यप की टीम द्वारा होली गीत का शुटिंग किया इस शुटिंग को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। भोजपुरी होली सांग फागुन महिना मे भईल करार.... नेपाली अभिनेत्री बबिता धीताल द्वारा गाने पर नृत्य करने का विडियों सुट किया जा रहा है। अमित कश्यप पहली बार बृजमनगंज मे शूटिंग के लिए आये। गोरखपुर निवासी अमित कश्यप कई एलबम बना चुके हैं उनका हाय रे मेरी ब्यूटी सांग काफी फेमस हुआ था। उनके एलबम बेनिया डोला द, हम ई कहार खानदान से लोगों ने पंसद किया। शुटिंग मे किसी प्रकार की परेशानी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### आस्था के महाशिवरात्रि पर्व पर हुआ जलाभिषेक

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मे महाशिवरात्रि पर विभिन्न स्थानों भण्डारे का आयोजन हुआ वहीं क्षेत्र के आसपास मंदिरों में शिव भजन कीर्तन मंडली हो रहा था शिव मंत्रों से पूरा नगर शुद्धि हो रहा था दूसरे तरफ अनेक महिलाओं एवं पुरुषों न व्रत धारण किया था।कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि कहते है फाल्गुन मास में पडने वाले शिव रात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता है।इसी दिन भगवान भोलेनाथ ने बैरागी वेषभूषा त्याग देवी सती संग विवाह रचाया था।भगवान भोले हैं उन्हें प्रसन्न करने के लिए सच्ची श्रद्धा से एक लोटा जल ही काफी है शिव लिंग की पूरी परिक्रमा नहीं करनी चाहिए।ऐसी मान्यता है।रामलीला पड़ाव शिवमंदिर, शिवालय पोखरा,देवगढवा स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने वाले भक्तों की भारी भीड़ की लंबी कतार लगी रही।भीड़ भाड वाले स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।



### महिला दिवस पर 102 108 के महिलाओं को सम्मानित किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी । महिला दिवस पर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल में RM सर मिस्टर सुमित कुमार दुबे के द्वारा 102 108 के सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनसे केक कटवाया गया महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जिसमें मौजूद मिस्टर सुमित कुमार दुबे पीएम सूर्यमणि उपाध्याय एटए मिस्टर विकास तिवारी, अंकुश शुक्ला और इनाम मोहम्मद मौजूद रहे जिसमें मौजूद स्टाफ खुशबू राय ,शांति और नीतू सिंह ,अंजली शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहे बड़ी ही कुशलता और सफलतापूर्वक से महिला दिवस मनाया गया।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं